www.kuberbhoomi.com

दैनिक
कुबेर भूमि
रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित
जनता की आवाज

वर्ष-05 अंक-245 रायपुर, मंगलवार 08 अगस्त 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रुपए email: kuberbhoomi@gmail.com

छत्तीसगढ़ में 58फीसदी आरक्षण से होंगे स्कूल-कॉलेजों में एडमिशन

पहले जैसी आरक्षण व्यवस्था के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया होगी पूरी, भूपेश कैबिनेट के फैसले

रायपुर (कुबेर भूमि)। सीएम हाउस में आयोजित भूपेश कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पहले जैसी आरक्षण व्यवस्था के तहत एडमिशन प्रोसेस पूरा किया जाएगा। इसके निर्देश जारी किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश पर एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पहले जैसी आरक्षण व्यवस्था के अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने के निर्देश दिए हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पहले की तरह आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, मंत्री कवासी लखमा और जयसिंह अग्रवाल वर्चुअली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। मंत्री रविंद्र चौबे, मो. अकबर, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया, मोहन मरकाम के साथ कई अफसर बैठक में मौजूद रहे।

प्रदेश में विधानसभा चुनाव को कुछ ही महीने बाकी हैं ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव लगातार कई संगठनों से बातचीत कर रहे हैं। जनहित के मसलों और सरकार की अहम योजनाओं की फीडबैक ले रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक 15 अगस्त को मुख्यमंत्री कोई बड़ा ऐलान कर सकते हैं। इससे पहले उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर चर्चा की अहम मसलों पर चर्चा की। प्रदेश में अब तक मानसून की स्थिति और कृषि के वर्तमान हालात, क्क्ष्ट नियमों में भर्ती संशोधन और आरक्षण जैसे मसलों पर बातचीत की गई है।

58 फीसदी आरक्षण पर शैक्षणिक संस्थाओं में होंगे एडमिशन

रमन सरकार के समय राज्य शासन ने आरक्षण नीति में बदलाव करते हुए 18 जनवरी 2012 को अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत लोकसेवा (अजा, अजजा एवं पिछड़ा वर्ग का आरक्षण) अधिनियम 1994 की धारा-4 में संशोधन किया गया था। इसके अनुसार अजजा वर्ग को 32 फीसदी, अजा वर्ग को 12 फीसदी और पिछड़ा वर्ग को 14 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया था।

ट्रेनों के अनियमित परिचालन पर सीएम बघेल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

रायपुर। ट्रेनों के अनियमित परिचालन को लेकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होने ट्रेनों के निरस्त और विलंब से चलने के कारण प्रदेशवासियों को हो रही परेशानी का जिक्र किया है। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों के रहने वाले लोगों को हो रही दिक्कतों से भी अवगत कराया है। ट्रेनों के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया है।



भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री

Bhupesh Baghel
CHIEF MINISTER

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर
अटल नगर, रायपुर, 492002, छत्तीसगढ़
फोन: +91 (771) 2221000, 2221001
ई-मेल : cmcg@nic.in

Mantralaya, Mahanadi Bhawan,
Nava Raipur Atal Nagar, Raipur
492002, Chhattisgarh
Ph.: +91 (771) 2221000, 2221001
E-mail : cmcg@nic.in
D.o.No. 5851 Date 05/08/2023

आदरणीय प्रधानमंत्री जी

विगत एक वर्ष से अधिक अवधि से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों के अनियमित परिचालन से राज्य के लाखों नागरिकों को हो रही अनेक प्रकार की समस्याओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को निरस्त करने की सूचना जारी कर दी जाती है। निरस्त ट्रेनें कब तक निरस्त रहेंगी, इसकी भी जानकारी यात्रियों को नहीं दी जाती। यात्री ट्रेनों की निरस्ती के अलावा ट्रेनों के अत्यधिक विलम्ब से चलने से भी रेल यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा पूर्व में रेल मंत्री जी का भी अनेक अवसरों पर यात्री ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया, किन्तु उससे स्थिति में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।

ट्रेनों के इस तरह असामान्य संचालन से छात्रों, तीर्थयात्रियों, मरीजों, रोजगार के लिये राज्य में आने वाले व्यक्तियों, व्यवसायियों, श्रमिकों तथा परीक्षार्थियों के अनेक पूर्व निर्धारित कार्यों का सम्पादन संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी धीरे-धीरे इसका प्रभाव दिखने लगा है। लम्बी अवधि से ट्रेनों के निरस्त होने तथा विलम्ब से चलने के कारण राज्यवासियों में आक्रोश व्याप्त है तथा जिससे सरकार और रेल्वे की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं।

राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छत्तीसगढ़ में ट्रेनों का घनत्व राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों के लिये यात्री ट्रेनें ही आवागमन का एकमात्र सुलभ साधन है। देश के अन्य किसी भी राज्य में यात्री ट्रेनों के संचालन संबंधी इतनी अव्यवस्थायें संभवतः नहीं होंगी।

स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये आपसे अनुरोध है कि आपके स्तर से रेलवे मंत्रालय को राज्य की यात्री ट्रेनों के पूर्ववत सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने का कष्ट करें ताकि राज्य वासियों को हो रही समस्याओं का अंत हो तथा उनके आक्रोश को शांत किया जा सके।

सादर

(भूपेश बघेल)

प्रति,
श्री नरेन्द्र मोदी जी,
माननीय प्रधानमंत्री,
भारत सरकार
नई दिल्ली

राहुल गांधी की संसद सदस्यता हुई बहाल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगाए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता फिर से बहाल हो गई है।लोक सभा सचिवालय ने 4 अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का हवाला देते हुए सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कर केरल की वायनाड लोक सभा सीट से राहुल गांधी की संसद सदस्यता फिर से बहाल कर दी है।

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा स्पीकर ने आज ये फैसला लिया। हमने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया और सुप्रीम कोर्ट का आदेश मिलते ही हमने इसे बहाल कर दिया।

आपको बता दें कि गुजरात के सूरत की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा दिए जाने के बाद, लोक सभा सचिवालय ने 24 मार्च 2023 को एक नोटिफिकेशन जारी कर 23 मार्च 2023 से उनकी लोक सभा की सदस्यता को रद्द कर दिया गया था।

राहुल गांधी 2019 के लोक सभा चुनाव में केरल के वायनाड से सांसद चुने गए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी थी, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल करने का रास्ता साफ हो गया था। सूत्रों के मुताबिक, बिरला दफ्तर को सुप्रीम कोर्ट का आदेश मिल गया है और वह सोमवार को गांधी की सदस्यता बहाल करने पर फैसला ले सकते हैं। कांग्रेस चाहती थी कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्द से जल्द बहाल हो जाए, जिससे अविश्वासस प्रस्ताव पर चर्चा में उनकी भागीदारी का रास्ता साफ हो जाए।

ज्ञात हो कि राहुल गांधी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को उनके खिलाफ मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। सूरत की एक अदालत ने पहले उन्हें दोषी पाया था और उन्हें अधिकतम दो साल की कैद की सजा सुनाई थी, जिसके कारण उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

कांग्रेस ने पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हमला तेज करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान कभी भी पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरियाणा में क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस शासन के दौरान, पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए कभी ठोस प्रयास नहीं किए गए। ज्यादातर कार्रवाई केवल आंकड़ों और कागजों तक ही सीमित थी।

उन्होंने कहा, आजादी के बाद चार दशकों तक कांग्रेस ने गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करने के महत्व को नहीं समझा। 'अमृत काल' की इस यात्रा में हमें पिछले दशकों के अनुभवों को ध्यान में रखना होगा। पीएम मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक चुनाव हुए। पहली बार जमीनी स्तर पर लोकतंत्र स्थापित हुआ है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विकसित भारत के लिए जिलों का विकसित होना भी उतना ही जरूरी है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में शामिल सदस्यों से कहा, विकसित भारत के लिए अपने जिलों को विकसित करना जरूरी है। आपको सोचना चाहिए कि 2047 तक आपका जिला भी विकसित हो जाए। इसके लिए आप पांच साल की योजना बना सकते हैं। आपके जिले के लिए कौन सी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं, आपको इस बारे में सोचना चाहिए।

न्यूज गैलरी

मणिपुर हिंसा...सुप्रीम कोर्ट ने 3 महिला जजों की कमेटी बनाई

नई दिल्ली। मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 7 अगस्त को फिर सुनवाई हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के 3 जजों की कमेटी मणिपुर में जाकर राहत और पुनर्वास का काम देखेगी। कोर्ट ने ये भी कहा कि ऐसी कोशिशें की जानी चाहिए, ताकि राज्य के लोगों में विश्वास और कानून के शासन में भरोसा लौट सके। वहीं, राज्य के हालात की जानकारी देने मणिपुर के छ्त्क्क राजीव सिंह कोर्ट पहुंचे। उन्होंने प्रशासन के उठाए कदमों के बारे में बताया।

जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रहीं गीता मित्तल कमेटी की हेड होंगी। कमेटी की दो अन्य सदस्य जस्टिस (रिटायर्ड) शालिनी पी जोशी और जस्टिस (रिटायर्ड) आशा मेनन होंगी। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल (त्र) आर वेंकटरमणी ने कहा कि मणिपुर की मौजूदा स्थिति नाजुक है। बाहर से जांच होना लोगों में विश्वास पैदा नहीं करेगा। सरकार स्थिति को संभालने के लिए परिपक्क तरीके से डील कर रही है। मणिपुर में एक आर्टिफिशियल सिचुएशन बनाई गई है, जिससे बताया जा रहा है कि सरकार कुछ नहीं कर रही। यह बहुत उलझाऊ स्थिति है।

राहुल गांधी के बाद इस महिला सांसद की सदस्यता बहाल

नई दिल्ली। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जवाब दिये जाने के दौरान विरोध कर रहे विपक्षी सदस्यों का कथित तौर पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में निलंबित कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रजनी पाटिल का निलंबन आज समाप्त कर उनकी सदस्यता बहाल कर दिया गया। सुबह में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधायी कार्य निपटाए जाने के दौरान ही सभापति जगदीप धनखड़ ने श्रीमती सरोज पांडे को विशेषाधिकार समित के 74वें प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखने के लिए कहा।

श्रीमती पांडे ने कहा कि समिति ने श्रीमती पाटिल को कथित तौर पर सदन की कार्यवाही का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने का दोषी पाया है। हालांकि समिति का मानना है कि इसको लेकर निलंबित की गयी श्रीमती पाटिल की सजा को पूरी सजा माना जाये और उनकी सदस्यता आज से ही बहाल की जाए। इसके बाद सभापति ने श्रीमती पाटिल की सदस्यता को बहाल करने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद धनखड़ ने कहा कि श्रीमती पाटिल आज से कार्यवाही में भाग ले सकती है।

शराब घोटाले से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला; ED की शिकायत पर गिरफ्तारी की तैयारी में थी नोएडा पुलिस

रायपुर (कुबेर भूमि)। शराब घोटाले से जुड़े आरोपियों को अब नोएडा की पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। दरअसल प्रदेश में चल रहे शराब घोटाला मामले में नकली होलोग्राम का इस्तेमाल करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय ने नोएडा के कासना थाना में दर्ज करवाई थी।

इस मामले में नोएडा पुलिस प्रदेश के आरोपियों को गिरफ्तार करने की तैयारी में थी। लेकिन सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। एक सप्ताह पहले श्वष्ठ की शिकायत पर नोएडा के कासना थाना पुलिस ने आबकारी विभाग के

अधिकारी रह चुके अरुण पति त्रिपाठी, आईएएस निरंजन दास, होलोग्राम कारोबारी विधु गुप्ता, अनवर ढेबर और एक वरिष्ठ आईएएस ऑफिसर के खिलाफ धारा 420, 468 ,471 ,473 ,484, 120 बी के तहत केस दर्ज किया गया था।

ED के अधिवक्ता सौरभ पांडे के मुताबिक, नोएडा में दर्ज हुए FIR मामले में सुप्रीम कोर्ट से नो कर्सिव स्टेप के निर्देश दिए गए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। लेकिन जांच जारी रहेगी। आरोपियों को जांच में पूरा सहयोग करना होगा। पूछताछ में शामिल होना होगा। नो कर्सिव स्टेप का निर्देश 21 अगस्त तक लागू रहेगा।

अब तक 180 करोड़ की संपत्ति अटैच

22 मई 2023 को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जारी की गई आधिकारिक जानकारी में कहा गया कि, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और अफसर अनिल टुटेजा से 121.87 करोड़ की 119 अचल संपत्ति अटैच की गई है। शराब घोटाला मामले में अब तक प्रदेश में कुल 180 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की जा चुकी है। इसमें कैश, एफडी भी होल्ड किए गए हैं। 15 मई को ईडी ने कहा था, शराब घोटाले में जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर से जुड़ी जांच रायपुर, भिलाई और मुंबई में की गई।

नूंह में बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट की रोक

हिंसा के बाद होटल-शोरूम समेत 753 अवैध निर्माण गिराए; गुरुग्राम में आगजनी-पत्थरबाजी के बीच धारा 144 हटाई

नूंह। हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद राज्य सरकार के बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट का आदेश आते ही डिप्टी कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई से रोक दिया। सरकार की डिमोलिशन ड्राइव का हाईकोर्ट ने सुओ-मोटो लिया था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने रोक के आदेश दिए। नूंह में पिछले 4 दिन से तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही थी। इस दौरान 753 से ज्यादा घर-दुकान, शोरूम, झुग्गियां और होटल गिराए जा चुके हैं। प्रशासन ने इन्हें अवैध बताते हुए कहा कि इनमें रहने वाले 31 जुलाई की हिंसा में शामिल थे। नूंह में अब तक प्रशासन ने 37 जगहों पर कार्रवाई कर 57.5 एकड़ जमीन खाली कराई। इनमें 162 स्थायी और 591 अस्थायी निर्माण गिराए गए। नूंह शहर के अलावा पुन्हाना, नगीना, फिरोजपुर झिरका और पिंगनवा जैसे इलाकों में भी अतिक्रमण हटाए गए।

ज्ञानवापी मस्जिद नहीं: धीरेंद्र शास्त्री

छिंदवाड़ा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा- यह शिव का मंदिर, इसे मस्जिद कहना बंद करो

छिंदवाड़ा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद नहीं है। यह भगवान शिव का मंदिर है। इसे मस्जिद कहना बंद करो। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छिंदवाड़ा के सिमरिया में रामकथा कर रहे हैं। इसके मुख्य यजमान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के बेटे और छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ हैं। सिमरिया में रामकथा का आज आखिरी दिन है। दोपहर 2 बजे से शुरू हुई कथा शाम 5 बजे तक चलेगी। महा भंडारे के साथ कथा का समापन हो जाएगा। इससे पहले दो दिन 5 और 6 अगस्त को कथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक चल रही थी। उधर, प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा है कि सिमरिया हनुमान मंदिर के आसपास बनाए गए पार्किंग जोन के फुल होने पर लिंगा के पास वाहनों की नो एंट्री हो जाएगी। धीरेंद्र शास्त्री ने रविवार को दिव्य दरबार लगाया। उन्होंने छिंदवाड़ा से स्थानांतरित होकर विदिशा गए एक जज को बुलाया।

कांग्रेस ने सिरिवेला प्रसाद को बनाया छत्तीसगढ़ का ऑब्जर्वर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की ऑब्जर्वर मीनाक्षी नटराजन को बदल दिया गया है। उनकी जगह AICC के सचिव डॉ सिरिवेला प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का ऑब्जर्वर बनाया गया है। नटराजन और प्रसाद की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। पिछले हफ्ते, नटराजन को छत्तीसगढ़ के लिए, जबकि प्रसाद को तेलंगाना के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था।

कांग्रेस ने बीते 31 जुलाई को पांच राज्यों में चुनाव के मद्देनजर सीनियर ऑब्जर्वर और ऑब्जर्वर की नियुक्ति की थी। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए प्रीतम सिंह सीनियर ऑब्जर्वर और मीनाक्षी नटराजन ऑब्जर्वर को बनाया गया था। अब,ढ्ढष्ट के नए आदेश के मुताबिक मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का ऑब्जर्वर बनाया है वहीं छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी डॉ. सिरिवेल्ला प्रसाद सम्भालेंगे।

छत्तीसगढ़ के साथ अन्य चार राज्यों में नियुक्ति की गई थी जिसमें मध्यप्रदेश में रणदीप सुरजेवाला सीनियर ऑब्जर्वर और चंद्रकांत हंडोरे को कमान सौंपी गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव-2023 की चुनावी तैयारियों की निगरानी के लिए चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इसका आदेश जारी किया था। सिरिवेला प्रसाद आंध्रप्रदेश के नेता हैं वर्तमान में AICC के प्रभारी सचिव तमिलनाडु हैं। इससे पहले सिरिवेला प्रसाद AICC के अनुसूचित जाति विभाग के संयोजक भी रहे हैं। दलित ह्यूमन राइट्स के एक्टिविस्ट भी रहे हैं। सिरिवेला प्रसाद ने साल 2019 में आंध्रप्रदेश के ओंगोल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके हैं हालांकि इसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

शैक्षणिक संस्थाओं में 58 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का मंत्रिमंडल का निर्णय स्वागतेष : बैज

भाजपा के षड़यंत्रों के कारण 76 प्रतिशत आरक्षण राजभवन में अटका है

रायपुर (कुबेर भूमि)। राज्य मंत्रिमंडल द्वारा सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं में 58 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के निर्णय का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने स्वागत करते हुये कहा कि कांग्रेस सरकार तो राज्य के आरक्षित वर्ग के लोगों को 76 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है इस हेतु भूपेश सरकार ने विधानसभा से आरक्षण संशोधन विधेयक पारित करवा कर राजभवन भेजा है। भारतीय जनता पार्टी के षड़यंत्रों के कारण आरक्षित वर्गो को अधिकार पिछले 8 माह से राजभवन में लंबित है। राजभवन से हस्ताक्षर नहीं होने के कारण प्रदेश में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं हो पा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा और संघ के राष्ट्रीय नेता तथा राज्य के नेता एक राय होकर सर्व समाज के आरक्षण को राजभवन में रोकवा कर रखे हुये है। आरक्षण बढ़ाने संबंधी विधेयक जब कर्नाटक विधानसभा में पारित होता है तब वहां पर राज्यपाल हस्ताक्षर करते है जब वैसा ही आरक्षण विधेयक छत्तीसगढ़ विधानसभा और झारखंड विधानसभा में पारित किया जाता है तो राज्यपाल हस्ताक्षर नहीं करती है। कर्नाटक में भाजपा सरकार ने विधेयक बनाया श्रेय आपकी पार्टी (भाजपा) को मिलेगा तो वहां ठीक छत्तीसगढ़, झारखंड में कांग्रेस की सरकार है वहां विरोध कर रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने सभी संवैधानिक पहलुओं की पड़ताल करके उसका तथ्यात्मक निराकरण करके आरक्षण संशोधन विधेयक बनाया है। जिसे विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस पर राज्यपाल को अविलंब हस्ताक्षर करना चाहिये। अनावश्यक विलंब करने से हर वर्ग को नुकसान हो रहा सभी के हित में यह जरूरी है कि राजभवन विधेयक पर तत्काल निर्णय ले। कांग्रेस सरकार ने वर्तमान विधेयक को बनाने के ठोस आधारों का अध्ययन किया है। कांग्रेस ने सर्व समाज को आरक्षण देने अपना काम पूरी ईमानदारी से करके सभी वर्गो के लिये आरक्षण का प्रावधान किया है। अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति को उनकी जनगणना के आधार पर तथा पिछड़ा वर्ग को क्वांटी फायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण का प्रावधान किया। इस विधेयक में अनुसूचित जनजाति के लिये 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिये 13 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगो को भी 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। 76 प्रतिशत का आरक्षण सभी वर्गो की आबादी के अनुसार निर्णय लिया है। यह विधेयक यदि कानून का रूप लेगा तो हर वर्ग के लोग संतुष्ट होंगे। सभी वंचित वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने सामाजिक न्याय को लागू करने यह विधेयक बनाया गया है। इस विधेयक को विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया है इसको रोकना जनमत का अपमान है।

भेंट मुलाकात में ग्रामीणों की बीच पहुँची विधायक यशोदा वर्मा सुनी समस्या

गंडई पंडरिया (कुबेर भूमि)। ग्राम कृतबॉस में शास प्राथमिक शाला में भेंट मुलाकात कार्यक्रम रखा गया था जिसमें खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा जी शामिल रही एवं कृतबॉस ग्रामवासीयो से बात चीत की और वहां हो रहे कार्य व आने वाले वाली समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में शामिल संजू चंदेल मंडी अध्यक्ष, ललित महोबिया अध्यक्ष जनपद पंचायत, ओम साहू,और के ग्राम वासियों ने शामिल होकर अपना अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा, सरकार के योजना के बारे में घर घर जाकर योजनाओं के लाभ के बारे में बता रहे हैं और साथ-साथ हितग्राही पंजीकरण फॉर्म भरे जा रहे हैं

जगदलपुर में चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जगदलपुर (कुबेर भूमि)। गआरोपी नयामुंडा तिरंगा चौक के हैं रहने वाले ।> वृन्दावन कॉलोनी हाईवे चैनल के पास का हैं घटना । आरोपी के कब्जे से चोरी गये एक नग लोहे का नाली जाली किमती 5,000 /- रू. को किया गया जप्त ।> मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया गिरफ्तार हुए आरोपी का नाम संतोष बाघ पिता भानसिंग बाघ उम्र 27 वर्ष जाति माहरा निवासी नयामुंडा तिरंगा चौक, जगदलपुर उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य मे दिनांक 05.08.2023 को मुखबीर सूचना के आधार पर उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सिंह (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में बोधघाट पुलिस टीम द्वारा चोरी के प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 04.08.2023 को प्रार्थी लकी प्रसाद गुप्ता के घर के पास रोड नाली में लगाया गया लोहे के जाली को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दिनांक 05.08.2023 को थाना बोधघाट में दर्ज कराया गया, थाना बोधघाट पुलिस द्वारा सूचना मिलने उपरान्त त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल में लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर संदेहियों का पहचान कर मेमोरण्डम लिया गया, उक्त आरोपी संतोष बाघ द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया तथा चोरी की गई लोहे के जाली किमती 5,000/- को आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध थाना बोधघाट में 379,34 भा.द.वि. के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपी क न्यायिक रिमाण्ड में माननीय न्यायालय भेजा गया। महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारी 1. निरीक्षक दिलबाग सिंह, थाना प्रभारी बोधघाट, 2. होरी लाल नाविक 3. प्रआर चोवादास गेंदले 3. आरक्षक ~ प्रकाश नायक

नगर पंचायत व पशु विभाग द्वारा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य जोरों से

लवन (कुबेर भूमि)। नगर पंचायत लवन एवं पशु विभाग के द्वारा रोड एवं अन्य जगह घूम रहे पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य किया जा रहा है विदित हो कि कुछ दिन पूर्व संबंधित अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को रोड किनारे घूम रहे पशुओं को एकत्रित कर उचित स्थान में भेजने निर्देशित किया गया था विदित हो रोड पर चल रहे तेज रफ्तार वाहनों से आए दिन पशुओं की दुर्घटना होने से मृत्यु व घायल होने को देखते हुए एवं दुर्घटनाओं में रोकथाम हेतु रोड पर घूम रहे पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाने व रोड से हटाकर उचित स्थान में ले जाने का कार्य किया जा रहा है उक्त कार्य में नगर पंचायत लवन के कर्मचारीगण संतोष धृतलहरे,धनेश्वर काशी,कमल बघेल,होलेश्वर वर्मा,रितेश यदु,पुरातन यदु,महेंद्र लोधी,गोपाल निराला,जीवन बंजारे,दीपेश बर्वे एवं पशु चिकित्सा विभाग सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी रामदयाल साहू ,नरेंद्र कुमार चौधरी व उनके स्टाफ का अहम योगदान रहा

मुंगेली ओबीसी महासभा का कार्यक्रम लेखनी सोनू चंद्राकर के कर कमलों से शुभारंभ

लोरमी (कुबेर भूमि)। ओबीसी महासभा जिला मुंगेली के द्वारा लोरमी के मानस मंच में मंडल वैचारिक संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने बी पी मंडल जी के छायाचित्र में माल्यार्पण करके किया। उन्होंने कहा ओबीसी जन पहले जागरूक बनें, फिर समाज को जागरूक करने का काम करेंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित करने आभार प्रकट किया।कार्यक्रम में ओबीसी महासभा के ,अधिकारी कर्मचारी प्रदेश महासचिव श्री स्वारथलाल जायसवाल ने अपने उद्बोधन में ओबीसी के उत्थान हेतु विभिन्न बातें रखी। मंडल दिवस के बारे में कहा मंडल आयोग के प्रथम अनुशंसा केंद्र सरकार के अधीन सभी सेवाओं में और सरकारी क्षेत्रों के उपक्रमों में 27त्न आरक्षण माननीय विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा 7 अगस्त 1990 को लागू करने की घोषणा किया था, जिस के उपलक्ष में ओबीसी महासभा द्वारा यह आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने ओबीसी के उत्थान हेतु ओबीसी के सभी जातियों को एकजुट होकर आवाज उठाते हुए सभी वर्गों को उनके हिस्से के अनुपात में आरक्षण दिया जाना चाहिए। लेकिन ओबीसी को उनका हक नहीं दिया जा रहा है इसके लिए सभी को आगे आना होगा। इसके अलावा रमेश कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष, आई पी यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री रामचंद्र साहू प्रदेश सह सचिव, ने महासभा के विस्तार के लिए सटीक योजना बताया,अभिलाष जायसवाल प्रदेश छात्र मोर्चा ने कहा ओबीसी महासभा मंडल जी के विचारों को उनके अनुशंसा को लेकर घर घर जाएंगे। जाति जनगणना और ओबीसी के साथ हो रहे लूट के लिए जनजागृति लाने गांव गांव जाने का लक्ष्य है। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व अध्यक्ष श्री बोधी राम साहू, रामनाथ जायसवाल, श्री बिहारी यादव, हुकुमीचंद जायसवाल, गणेश यादव,सभी ने कहा हमारे ओबीसी भाई को एवं हमारे जनप्रतिनिधि जो सोये है को पहले जगाना होगा तभी ओबीसी के अधिकारों की प्राप्ति होगी। इसके साथ अन्य कई अपने उद्बोधन में ओबीसी के हक एवं अधिकार एवं उनके सामाजिक शैक्षणिक आर्थिक उन्नति के लिए बातें कही।सम्मेलन में द्वारिका कश्यप, रोहन साहू, हीरामणि साहू, वीरेंद्र साहू ओबीसी के तहसील अध्यक्ष कुंदन यादव, युवा अध्यक्ष कैलाश श्रीवास एवं उनके पूरी टीम आदि ओबीसी भाई शामिल हुए। अंत में ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष लोकेंद्र साहू ने आए हुए सभी पदाधिकारी एवं ओबीसी वर्ग के उपस्थित भाइयों का स्वागत किया एवं अपने उद्बोधन में बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान के अनुच्छेद 340 में सामाजिक शैक्षणिक आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को सहायता दिया जाए। इसके परिपालन हेतु आयोग समिति गठन किया जाए इस हेतु 29 जनवरी 1953 में गठित आयोग काका कालेलकर आयोग गठन किया गया, जिसे 1955 में भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत की गई लेकिन समकालीन प्रधानमंत्री के द्वारा अस्वीकार कर दिया गया तत्पश्चात पिछड़ा वर्ग के उत्थान हेतु लगभग 26 वर्ष बाद प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के जनता पार्टी द्वारा मंडल आयोग का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष डॉक्टर बी पी मंडल को बनाया गया जिसे मंडल आयोग के नाम से जाना जाता है। जिसमें ओबीसी के उत्थान हेतु 40 अनुशंसा की गई आयोग की रिपोर्ट 1980 में तैयार हो गया था लेकिन 10 वर्षों तक वह धूल खाता रहा। कोर्ट में लटका रहा ।फिर 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने सरकार आने पर मंडल कमीशन लागू करने की घोषणा किया और 7 अगस्त1990 को केंद्र सरकार के सभी नौकरियों उपक्रमों में 27त्न आरक्षण की शुरुआत किया जिस में भी कई विरोध उत्पन्न हुए। मंडल आयोग की दूसरी अनुशंसा 14 वर्ष पश्चात 2006 में केंद्र की शैक्षिक संस्थाओं में ओबीसी को 27त्न आरक्षण दिया गया लेकिन मंडल आयोग की अभी 38 अनुशंसा लागू करना बाकी है संविधान में कहा गया है कि कोई भी राज्य को नागरिकों के किसी भी सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग की उन्नति के लिए कोई प्रावधान करने से नहीं रोकेगा। इस हेतु अविभाजित मध्य प्रदेश में 5 सितंबर 1980 में माननीय अर्जुन सिंह के द्वारा श्री राम जी महाजन विधायक के नेतृत्व में मध्य प्रदेश राम जी महाजन आयोग का गठन किया। जिसमें अविभाजित मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ में 35त्न आरक्षण की अनुशंसा किया गया था।

दुर्घटना से मिशनरी हॉस्टल के छात्र की मौत,जिला प्रशासन को भनक तक नहीं,दुर्भाग्यपूर्ण - श्रीनिवास

मिशनरी संस्था के साथ अस्पताल प्रबंधन भी जिम्मेदार,आखिर पुलिस को सूचना क्यों नही दी गई

जुलाई में हुई थी छात्र की मौत, समाचार पत्र में खबर आने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को घेरा

जिला प्रशासन से पूरी घटना की जांच व आवश्यक कार्यवाही की मांग भाजपा जिलाध्यक्ष ने की

बीजापुर (कुबेर भूमि)। बीजापुर नगर में स्थित मिशनरी हॉस्टल में रहने वाले एक छात्र की मौत दुर्घटना में बीते माह 3 को जुलाई को हुई थी, इस घटना पर न एफआईआर हुई न ही पोस्टमार्टम हुआ यहां तक कि इसकी खबर जिला प्रशासन को भी नही है। यह खबर समाचार पत्र के माध्यम से अवगत के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने जिला प्रशासन व अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही ठहराते हुए कई आरोप प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लगाया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष मुदलियार ने कहा है कि इतनी बड़ी घटना जिला मुख्यालय के अंदर हो जाती है बावजूद प्रशासन को भनक कैसे नही लगी,जिस तरह से इतनी बड़ी घटना में लापरवाही दिख रही है ये प्रशासन की विफलता है। मुदलियार ने बताया है कि 3 जुलाई को मिशनरी हॉस्टल में रहने वाले यशवंत कुजूर नामक छात्र ट्रैक्टर से गिर जाता है और अस्पताल इलाज के लिए लाया भी गया और प्राथमिक इलाज के बाद रेफर के दौरान छात्र की मौत हो जाती है। और मौत के बाद न पोस्टमार्टम हुआ और न ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई,यह गंभीर मामला है इसे संस्था द्वारा छुपाने का प्रयास किया गया है। अब यह घटना प्रकाश में आया है जिला प्रशासन तत्काल जांच कर उचित कार्यवाही करे। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा है कि संबंधित विभाग को अब तक इसकी जानकारी क्यों नही मिली क्या जानबूझकर विभाग अनभिज्ञ बना रहा इसकी जांच हो साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा की गई लापरवाही की भी जांच आवश्यक है ऐसी लापरवाही के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही होनी चाहिए।आखिर अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना क्यों नही दी। मामला गंभीर है संस्था की जांच होना ही चाहिए साथ ही इस घटना और अस्पताल प्रबंधन की जांच हो साथ ही मृतक छात्र के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग भारतीय जनता पार्टी करती है ऐसा जिलाध्यक्ष का कहना है।

संसदीय सचिव जैन ने सुब्रतो मुखर्जी कप के विजेताओं को दिया पुरुस्कार

23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

जगदलपुर(कुबेर भूमि)। संसदीय सचिव श्री रेखचन्द जैन ने 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत आयोजित सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल के विजेताओं को पुरुस्कार दिया। जगदलपुर में 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत टॉउन हाल में आयोजित सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल के समापन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सफीरा साहू, इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधी, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अब 97 साल के रामू ने कहा- भूपेश है तो भरोसा है

सरपंच के साथ पहुंचे थे जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन के कार्यालय

जगदलपुर(कुबेर भूमि)। शहर से गांव तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जुनून लोगों के सिर च?कर ऐसे बोल रहा है कि वे योजनाओं का गुणगान कर रहे हैं। पहले राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित हो रहे युवा और महिलाएं मुख्यमंत्री के कसीदे प? रहे थे, अब बुजुर्ग भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओं का जमकर बखान कर रहे हैं। सोमवार को जगदलपुर ब्लॉक के उलनार से आए 97 साल के बुजुर्ग रामू ने कहा कि- भूपेश है तो भरोसा है। वे सरपंच वर्मा पुजारी और ग्रामीणों के साथ जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन के कार्यालय पहुंचे थे। उन्होने कहा कि वे राज्य सरकार की कृषि क्षेत्र में मिलने वाली योजनाओं के लाभार्थी हैं।

जैन ने उन्हे व उनके साथ आए ग्रामीणों यतिंदर नाग, श्रीधर नाग, भारत मौर्य, जीवन कश्यप, रामप्रसाद नाग, ढोसेल, अनत राम कश्यप आदि को किसान ऋण माफी, धान के समर्थन मूल्य, गोठान, वनोपज, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताकर मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। साथ ही, गांव के अन्य लोगों को प्रेरित करने की अपील भी की।

मिनीमाता की पुण्यतिथि पर आयोजित

कुरूद (कुबेर भूमि)। सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल मिला अजय चंद्राकर से कुरूद -सतनामी समाज ब्लॉक भखारा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल कुरूद विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान कुरूद में जाकर मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने अजय चंद्राकर का पुष्पमाला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया. उन्होंने भखारा में सामाजिक भवन हेतु जमीन की मांग की तथा गुरु घासीदास आश्रम थूहा बंगोली के अधूरे निर्माण कार्य पर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल ने ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में चंद्राकर को मुख्य अतिथि के बतौर आमंत्रित किया.प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से सतनामी समाज जिला धमतरी के अध्यक्ष भाव सिंह डहरे, सचिव खिलावन बारले, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे, सचिव रूपेंद्र बघेल. आदिवासी गोंड समाज जिला धमतरी के संचार सचिव बसंत ध्रुव, सलाहकार डॉ रोहित कुर्रे और छन्नू महिलाग,सदस्य गण बेनी राम कुर्रे, संतोष मांडले,राधे श्याम जोशी, हीरालाल बंजारे शामिल थे.

शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण परखा शिक्षा का स्तर

गंडई पंडरिया (कुबेर भूमि)। दिनांक 5/08/2023 दिन शनिवार प्रात: कालीन बैग लेस स्कूल संचालन की गतिविधियों एवं शासन के शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीन स्तर पर जांच के लिए रमेन्द्र डडसेना विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छुईखदान के द्वारा विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला महराटोला में सभी शिक्षक समय पर उपस्थित मिले जो बैगलेस शैक्षिक गतिविधियों में संलग्न थे। बच्चों से सीधे शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ कर गुणवत्ता परीक्षण किया जिसमें बच्चे काफी हद तक सफल दिखे। प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कमरे के लिए 11.20लाख की स्वीकृति की जानकारी दी गई जिसका लाभ सीधे बच्चों को होना बताया गया।

प्राथमिक शाला लक्ष्मणपुर में बच्चों का स्तर सामान्य बताया गया तथा इस पर शिक्षकों को ध्यान देने कहा गया। पूर्व माध्यमिक शाला बालक छुईखदान में सभी शिक्षक उपस्थित मिले दर्ज के विरुद्ध शिक्षक संख्या कम होने तथा अपेक्षा अनुरूप शैक्षणिक कठिनाई होने की समस्या को सूने । जिसका निराकरण अतिशीघ्र करने का आश्वासन माननीय अधिकारी द्वारा दिया गया। सभी शालाओं में निशुल्क पाठ्य पुस्तकें गणवेश नोटबुक का वितरण कराया जा चुका है जिसका लाभ बच्चे ले रहे हैं। बैगलेस डे को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा के साथ साथ साहित्यिक सांस्कृतिक ग्रामीण खेल सृजनशीलता को जोड़कर उपयोगी बनाने के लिए कहा गया।

खैरागढ़ भाजपा के अभियान चलो संगवारी भाजपा संग जुडबो कार्यक्रम आयोजित

एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार 280 लोगो ने बीजेपी में किया प्रवेश भाजपा नेता विक्रांत सिंह चला रहे है अभियान अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद बने साक्षी बुंदेली क्षेत्र के युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

खैरागढ़ (कुबेर भूमि)। विधानसभा चुनाव होने को अब सिर्फ कुछ ही दिन बाकी है ऐसे में खबर आई है कि केसीजी जिला भाजपा के छुईखदान मण्डल अंतर्गत बुंदेली क्षेत्र के सैकढ़ो युवाओ ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद के समक्ष 258 युवाओ सहित 28 महिलाओं ने भाजपा में प्रवेश कर लिया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ बीजेपी की रीति-नीति से प्रभावित होकर एक सप्ताह के अंदर राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के द्वारा चलाये जा रहे चलो संगवारी भाजपा संग जुढ़बो अभियान से प्रेरित होकर ग्राम बुंदेली में बढ़ा आयोजन कर दूसरी बार 8 ग्राम जिसमे बुंदेली, सुराडबरी, खैरी, नवागाव लोधी, तेंदूभांठा, सीताडबरी, मैनहर तथा विचारपुर के युवाओ ने भाजपा में प्रवेश किया उक्त कार्यक्रम में प्रवेश करने वाले युवाओ को गमछा पहनाकर स्वागत किया गया ततपश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा सभी वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन छत्तीसगढ़ में पौने पांच साल से सभी वर्गों को यहां के कांग्रेस सरकार द्वारा सिर्फ ठगा जा रहा है जिसमे गरीबो का प्रधानमंत्री आवास एक बहुत ही अच्छी योजना है जिसमे राज्य सरकार द्वारा गरीबो के आशियाने को बसाने से रोका गया साथ ही सभी वर्गों को राज्य सरकार द्वारा सिर्फ झूठ बोलकर सत्ता हासिल करके सिर्फ छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबोने का कार्य किया है जिसे जनता समझ चुकी है उन्होंने आगे कहा कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह द्वारा चलाये जा रहे चलो संगवारी भाजपा संग जुढ़बो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवा अब राज्य की कांग्रेस सरकार को उखाढ़ फेंकने के लिए तैयार हो जाये और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने के लिए कार्य करे संबोधन की कढ़ी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा में शामिल होकर आप सभी युवा यह संकल्प लेकर कार्य करे कि छत्तीसगढ़ में झूठ की बुनियाद खढ़ी करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को हटाना है एवं देश की सबसे बढ़ी पार्टी जो राष्ट्रहित में कार्य कर रही है ऐसे भाजपा पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनाने के लिए कमर कसकर कार्य करे श्री सिंह ने आगे कहा कि खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1101 नए युवाओ को भाजपा में जोढ़ने के उद्देश्य के साथ चलो संगवारी भाजपा संग जुढ़बो अभियान चलाया जा रहा है जिसमे युवा उत्साहित होकर भाजपा में जुढ़ रहे हैं.इसी कढ़ी में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि युवाओ का लगातार भाजपा की ओर जुढ़ाव हो रहा है जिससे सभी क्षेत्रों में भाजपा सशक्त और मजबूत हो रही है आगामी विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं की दम पर भाजपा की सरकार बनना तय है इस दौरान केसीजी जिला भाजयुमो प्रभारी अभिषेक धनकर ने भी सभा को संबोधित किया साथ ही कार्यक्रम का सफल संचालन ललित चोपढ़ा ने किया इस दौरान छुईखदान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नवनीत जैन, अनिल अग्रवाल, राकेश ठाकुर,अजय जैन, आलोक श्रीवास, सन्नी यदु, किरण गुप्ता, सरला जैन, शशि जंघेल, रवि भावनानी, दिलेश्वर यदु, रेखचन्द वर्मा, विक्की जंघेल, हितेश गुप्ता, भूपेंद्र जंघेल, मोहित चेलक, सिद्धांत ठाकुर, जयराम जंघेल, प्रकाश यादव, रवि कुमार, खिल्लु जंघेल, रामनाथ जंघेल, राधेश्याम जंघेल, राजकुमार जंघेल, नरेंद्र जंघेल, पिंटू जंघेल, डिकेश जंघेल, भारत धुर्वे, हेमू जंघेल, रोहित रजक, हरिचन्द जंघेल, शत्रुहन जंघेल, बबलू जंघेल, कुम्भलाल जंघेल, दीपक साहू, खोरबाहरा साहू, रवि पाल, धीरपाल निषाद सहित बढ़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संतोष बाफना ने विश्व हिंदू परिषद नगरनार प्रखंड के तत्वाधान में कावड़ यात्रा का मेन रोड में स्वागत किया

जगदलपुर(कुबेर भूमि)। पूर्व विधायक संतोष बाफना ने विश्व हिंदू परिषद नगरनार प्रखंड के तत्वाधान में कावड़ यात्रा का मेन रोड मे स्वागत किया। यह कावड़ यात्रा महादेव घाट इंद्रावती नदी से जल लेकर, प्राचीन रामायण कालीन शिव मंदिर रामपाल में जाकर भक्तों के द्वारा जलाभिषेक किया जायेगा

अमानक खाद को जबरदस्ती किसानों को लादने के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने किया धरना प्रदर्शन व कलेक्ट्रेट का घेराव

झूमा झटकी के दौरान आधा दर्जन कार्यकर्त्ता हुए घायल

भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, पूर्व बस्तर सांसद दिनेश कश्यप सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता हुए शामिल

सत्ता के अहंकार मे उन्मत्त भूपेश सरकार -केदार कश्यप

भुपेश सरकार को अन्नदाताओ के संकट से कोई सरोकार नही -केदार कश्यप

नारायणपुर (कुबेर भूमि)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नारायणपुर के द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा कार्यालय के सामने किसानो को जबरदस्ती अमानक खाद को लादने सहित किसानो से जुढ़े अनेक मुद्दो को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाल कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले हजारों की संख्या मे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित किसानो को पुलिस ने कलेक्ट्रेट से 200 मीटर पहले ही बैरिकेडिंग कर रोक लिया। इस दौरान किसान व कार्यकर्ता उत्तेजीत नजर आये व बेरीकटिंग हटाने का प्रयास करते नजर आये और इस दौरान जमकर झूमा झटकी हुई और आधा दर्जन भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए खबर लिखें जाने तक घायलों का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है। वही केदार कश्यप व दिनेश कश्यप के नेतृत्व मे दर्जन भर कार्यकर्त्ता कलेक्ट्रेट पहुँच कलेक्टर को ज्ञापन सौंप किसानो के हित मे फैसला लेने की बात कही। वही घेराव से पूर्व आयोजित सभा मे भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने भूपेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुये कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पौने पांच साल में विफलता के सारे कीर्तिमान स्थापित कर चुकी प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसान विरोधी है, यह प्रदेश के किसानो के लगातार अन्याय कर रही है हालात इतने खराब है की प्रदेश के किसान आत्महत्या कर रहे है भूपेश सरकार लगातार वादाखिलाफी विश्वासघात का नया रिकॉर्ड बनाती जा रही है भारतीय जनता पार्टी लगातार सडक से सदन तक किसानो के मामले को उठाती रही है पार्टी ने सतत् तमाम लोकतांत्रिक उपायों का सहारा लेकर किसानों की समस्याओ पर भूपेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश करती रही है लेकिन सत्ता के अहंकार में उन्मत्त भुपेश सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नही है। कांग्रेस सरकार किसानों की समस्याओं से मुंह फेर रही है ऐसा लगता ही नहीं कि कांग्रेस सरकार को अन्नदाताओं के संकट से कोई सरोकार नही है। वही आगे कश्यप ने कहा की अब भुपेश सरकार किसानो को जबरदस्ती अमानक खाद को खरीदने मजबूर करने का काम कर रही है। प्रदेश मे लूट घुसखोरी और अत्याचार बढ़ गया है।विकास की बात करें तो प्रदेश मे सारे कार्य ठप्प पढ़े हुए है।भुपेश सरकार सिर्फ और सिर्फ प्रदेश की जनता के साथ छलावा कर रही है। वही सभा को पूर्व बस्तर सांसद दिनेश कश्यप ने भी अपने सम्बोधन मे कहा की पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है किसान के साथ ही आज प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार से त्रस्त है सरकार अपने घोषणापत्र के वादो से मुखर रही है सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी व झूठ के पुलिंदो पर टिकी है भूपेश सरकार न प्रदेश मे बेरोजगारो को रोजगार दे पा रही है न ही वादे की मुताबिक प्रदेश के समस्त बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, चुनावी वायदे याद दिलाने व ऐसी लबरी सरकार को उखाढ़ फेकने का समय आ गया है।

चन्द्रप्रकाश ध्रुव हुए सेवानिवृत, दी गई विदाई

भाटापारा(कुबेर भूमि)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खोखली में राजनीति विषय के व्याख्याता चन्द्रप्रकाश ध्रुव के सेवानिवृत्त पर शाला परिवार द्वारा उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। चन्द्रप्रकाश ध्रुव 19/09/1986 मे शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ हुये और अपनी सेवा के दौरान शिक्षक व प्रधान पाठक पूर्व माध्य. शाला व व्याख्याता (राजनीति) के रूप में सेवा शिक्षा विभाग में दिये। ध्रुव के बिदाई समारोह में प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिका व बच्चों द्वारा उन्हें सम्मान कर, उनके सेवा को याद कर सादर विदाई दी गई। बिदाई समारोह में प्राचार्य ए. आर. कुरे, व्याख्याता गण श्रीमती के. मिश्रा, अरुण वर्मा, सुश्री आरती सार्वा, भूमेश पाण्डेय, श्रीमती गायत्री सोनवानी, श्रीमती प्रेरणा ठाकुर, श्रीमती सुषमा सिंह, रविकांत वर्मा, कमलेश वर्मा, अशोक शर्मा, नीलकंठ वर्मा, व्यायाम शिक्षक उमा प्रसाद राठौर, सहायक शिक्षक शरद यादव, सुश्री अजिस्ता तिर्की, व श्रीमती जागृति सोनवानी उपस्थित रही।

लक्ष्मी पांडेय ने गुरुकुल में डांस प्रतियोगिता का किया जजमेंट

भाटापारा (कुबेर भूमि)। नगर की अंग्रेजी माध्यम की स्कूल गुरुकुल में गत दिवस हुए ग्रुप डांस प्रतियोगिता में जिला कांग्रेस कमेटी की सचिव लक्ष्मी पांडेय ने जज की भूमिका में बच्चो के द्वारा किए गए परफार्मेंस के आधार पर उनका चयन किया। विदित हो की गुरुकुल स्कूल में आयोजित डांस प्रतियोगिता को चार हाउस रेड हॉउस , ग्रीन हॉउस , यलो हॉउस व ब्लू हॉउस में विभाजित कर उनके मध्य प्रतियोगिता कराई गई थी। संस्था के द्वारा इस आयोजन के लिए लक्ष्मी पाण्डेय जिला सचिव कांग्रेस कमिटी को जज के रूप में आमंत्रित किया गया था।.सभी हाउस का परफार्मेंस देखने के बाद ब्लू हॉउस प्रथम*,रेड और ग्रीन हॉउस द्वितीय और यलो हॉउस तृतीय* स्थान पर रहे*। जज की भूमिका में उपस्थित लक्ष्मी पांडेय ने कहा की सभी हाउस के बच्चो ने एक से बढ़कर एक डांस किया। सभी ग्रुप की प्रस्तुति इतनी अच्छी थी की.उन ग्रुप की उत्कृष्टता को क्रमवार करना सही मायने में सरल नहीं था*। लक्ष्मी पांडेय ने सभी ग्रुप को उनके उत्कृष्ट प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्होंने इस रंगारंग कार्यक्रम में जज के रूप में आमंत्रित करने के लिए गुरुकुल के मैनेजमेंट और प्रिंसिपल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

छत्तीसगढ़ ओलंपिक में युवा, बुजुर्ग सहित महिला प्रतिभागी भी 16 खेलों में दिखा रहे हैं अपना हुनर

दंतेवाड़ा (कुबेर भूमि)। जिले में पूरे उत्साह के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक और स्थानीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। शुरुआत से युवा, बुजुर्ग सहित महिला प्रतिभागी भी उत्साह के साथ पारंपरिक खेलों में शामिल हो रहे हैं। पिछले साल की भांति इस साल भी जिले में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, फुगड़ी, गेड़ी और रस्सी कूद के साथ पारंपरिक खेलों का आनंद लिया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के खिलाड़ियों को पारंपरिक खेलों से जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल की शुरुआत की है। ग्राम स्तर से लेकर सेक्टर, ब्लाक जिला, संभाग और राज्य स्तर पर खेलों का आयोजन होना है। तिथि में संशोधित करते हुए विकासखंड, नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 18 से 23 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 4 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 से 20 सितंबर तक होगा। अंत में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

जनसंपर्क की प्रदर्शनी को लोगों का मिला अच्छा प्रतिसाद

दंतेवाड़ा (कुबेर भूमि)। शासकीय योजनाओं की जानकारी आम जनता के देने के लिए एलईडी, फ्लेक्स बोर्ड और कला जत्था के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला कार्यालय के सामने में तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए स्थानीय लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला साथ ही प्रदर्शनी स्थल में कला जत्था द्वारा लोकनृत्य और संगीत के साथ दी जा रही योजनाओं की जानकारी को देखकर दर्शकों ने तहे दिल से सराहा। इस प्रदर्शनी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स,सुराजी गाँव योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन, कृषि मजदूर न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट्स मिशन, वनोपज तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई है।

चिन्मय सागर जी महराज की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई

भाटापारा (कुबेर भूमि)। 1008 आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में चिन्मय सागर जी महराज की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई,इस अवसर पर जंगल वाले बाबा की पूजन एवं 63 दीपों से महाआरती संपन्न हुई। मंदिर में प्रातः काल 7.30 को भगवान पारसनाथ का मंगल अभिषेक हुआ ,उसके पश्चात अतिशयकारी जंगल वाले बाबा के मूल सिंहासन पर उनके चरण विद्यमान है ,उन चरणों का चरण अभिषेक जल, दूध, केसर ,हल्दी, चंदन, रतन वृष्टि, पुष्प वृष्टि,से किया गया।दोपहर में शासकीय अस्पताल आडील हॉस्पिटल में मरीजों को बिस्किट एवं फल का वितरण किया गया तथा शाम को रेलवे स्टेशन पर भोजन एवं हलवा वितरण किया गया। रात्रि 8ः00 बजे 63 दीपों से जंगल वाले बाबा की महा आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अभिषेक मोदी, सुमन लता, रजनी ,नेहा रानी,सुरभि ,सुमन, अंशु, अनायसा मोदी ,अनिल, आलोक, सुरेश, विनोद ,अभिनव, अभिनंदन, अक्षत, अरिंजय, आदि, आर्णव मोदी, पंकज ,नवीन ,नितिन, सचिन ,जतनी ,अंजू ,भावना, गदिया मनीठाकुर ,राकेश ध्रुव, विनोद अनंत ,संदीप सनत कुमार जैन ,बंटी छाबड़ा , अशोक देवांगन,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।*

जलवायु परिवर्तन, वॉश, जल संरक्षण, और वृक्षारोपण पर शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

दंतेवाड़ा (कुबेर भूमि)। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन, वॉश, जल संरक्षण, और वृक्षारोपण पर शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण गत दिनों संपन्न हुआ। जिला शिक्षा कार्यालय के कस्तूरबा सभा कक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में बताया गया कि जलवायु परिवर्तन से आई आपदाओं का शिक्षा के क्षेत्र पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरीके से गहरा असर पड़ता है। मौसम के बदलाव सीधे स्कूल और शिक्षण सामग्री को तबाह कर देते हैं। यही नहीं स्कूल तक पहुंचने वाली सड़कों की क्षति भी बच्चों से स्कूल की दूरी की एक वजह बनती है। दूर-दराज के क्षेत्र में रहने वाले बच्चों का तेज हवा, भारी बारिश की वजह से सड़क से संपर्क खत्म हो जाता है। जलवायु परिवर्तन का असर विद्यालयों की वॉश सुविधाओं पर भी प्रमुख रूप से पड़ता है, जिससे बच्चों को इसका दुष्प्रभाव झेलना पड़ता है। अशुद्ध जल और स्वच्छता की कमी के कारण बच्चों का शारीरिक और मानसिक वृद्धि में कमी आ जाती है, जो स्कूलों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है। आज भी सूखा प्रभावित क्षेत्रों में कई बच्चे हर दिन लंबे समय तक पानी इकट्ठा करने में व्यस्त रहने के कारण स्कूल में अनुपस्थित हो जाते हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से सबसे गरीब और सबसे वंचित बच्चे अधिक पीड़ित हैं। वक्ताओं ने इसके समाधान के संबंध में बताया कि व्यक्तिगत और विद्यालय स्तर पर हम पहल कर बेहतर वॉश सुविधाओं के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल बनाने हेतु प्रयास कर सकते हैं। वाटर बजट और ट्री ऑडिट गतिविधि के माध्यम से जल संरक्षण और पेड़ लगाकर विद्यालय को हरा-भरा बना सकते हैं। जल संरक्षण के महत्व को समझने के लिए विद्यालय में एक दिन में विभिन्न गतिविधियों पर कितना पानी खर्च होता है इसका विद्यालय के दर्ज संख्या के अधर पर जल लेखा परीक्षा के माध्यम से बच्चो को बताया जा सकता है। विद्यालय में भोजन करने और भोजन बनाने से पहले, कचरे को संभालने के बाद और शौचालय के उपयोग के बाद 40 सेकंड तक साबुन से हाथ धोने से दस्त को लगभग 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। इसके अलावा विद्यालय में माहवारी स्वच्छता और प्रबंधन पर जानकारी जागरूकता अति आवश्यक है, जब लड़कियों के पास स्कूल में सुरक्षित और स्वच्छ शौचालय और पानी की सुविधा होती है, तो मासिक धर्म के दौरान उनके स्कूल छूटने की संभावना कम होती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर और जिला मिशन समन्वयक एस.एल. सोरी, जिला समन्वयक सुरेश कुमार अनंत, जिला एम. आई. एस. प्रशासक भवानी मांझी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार रहें -डोमन वर्मा

अर्जुनी/भाटापारा(कुबेर भूमि)। शक्तिकेंद्र लटुवा और अर्जुनी में भारतीय जनता पार्टी शक्ति केंद्र की बैठक में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डोमन लाल वर्मा ने कार्यकर्ताओ से चुनाव में कमर कस कर तैयार रहने का आह्वान करते हुए बैठक में केंद्र सरकार की उपलब्धि पर विस्तार से चर्चा की गई ।बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सबका साथ ,सबका विकास और सबका विश्वास के लिए जो काम किया जा रहा है उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को पहुंचे।चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो आयुष्मान भारत में मुफ्त इलाज की योजना हो या किसानों के फसलों का उचित मूल्य दिलाना तथा देश के समस्त किसानों को किसान सम्मान निधि प्रतिवर्ष 6000 रुपये भुगतान मुफ्त राशन तथा हितग्राही को सीधे उनके बैंक खाते में योजना की राशि को देना ऐसे कई अनेक कार्य इस देश में हो रहा है। आज भारत विश्व के सबसे तेज गति से आर्थिक उन्नति करने वाला देश बन गया है।*भूपेश सरकार वादाखिलाफी की सरकार*

उक्त बैठक में कांग्रेस सरकार द्वारा गंगाजल का सौगंध खाकर 36 वादे सरकार बनने पर पूरा करने का वादा किया था। लेकिन एक भी वादा धरातल पर नहीं दिखता। आज किसान परेशान है 1 नवंबर को भाजपा सरकार धान खरीदी कर रही थी उसे कांग्रेस सरकार ने 1 दिसंबर कर दिया तथा बारदाना भी उपलब्ध नहीं कराया। धान खरीदी का पैसा केंद्र सरकार की राशि किसानों को पूरा मिल जाता है लेकिन 200-300 रुपए जो राज्य सरकार देती है उसे तीन या चार किस्त में देती है ऐसे अनेक समस्याओ से किसान परेशान है। इसलिए ऐसी भ्रष्ट और तानाशाही सरकार को बदलने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ की खुशहाली और समृद्धि के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना अति आवश्यक है इसलिए कार्यकर्ताओं को ऐसे विषय को जनता के बीच ले जाने का आव्हान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल जिला के महामंत्री तथा शक्ति केंद्र प्रभारी कृष्ण अवस्थी बलौदा बाजार ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष डोमन लाल वर्मा मंडल के प्रभारी शशि भूषण शुक्ला विधानसभा विस्तारक नेम साहू तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता गांव के सरपंच प्रमोद सान्खला , अनिल बघेल योगेश वर्मा ,भैरव देवांगन, जवाहर लाल वर्मा ,शंकर रजक, पोलिंग बूथ के अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ,चिंतामणि साहू, ललित वर्मा गुरु चरण वर्मा चित्रलेखा साहू सुमित्रा साहू , उर्मिला वर्मा, हरिशंकर यदु टिकेश्वर सेन फूल सिंह साहू रतनलाल वर्मा अनुराग वर्मा अतुल वर्मा मोहित रजक मुखित साहू आदि उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वीप कार्यक्रम की दी गई जानकारी

WORLD BREAST FEEDING

दंतेवाड़ा (कुबेर भूमि)। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के मार्गदर्शन में जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्तनपान के महत्व को बताते हुए कहा कि शिशु के लिए स्तनपान न केवल सर्वोत्तम आहार है, तथापि यह शिशु के मानसिक विकास, शिशु को डायरिया निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने और स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। स्तनपान कराने में माताओं का सहयोग एवं स्तनपान को बढ़ावा दिया जाना अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। जन्म के 6 माह तक केवल स्तनपान 2 साल तक सतत स्तनपान और उसके बाद भी स्तनपान जारी रखने से शिशु को उच्च गुणवत्ता वाली ऊर्जा प्राप्त होती है बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर स्तनपान के प्रभाव को समझाते हुए विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर समुचित उपयोग करते हुए माता को अनिवार्य स्तनपान कराने का संदेश दिया गया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जा रही है ।

आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ कपिल देव कश्यप, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमरेश आंडिल्य, डॉ निधि मेश्राम, स्टाफ नर्स मौसम सोनपीपरे, ममता पाल उपस्थित थे।

राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर विक्रम मंडावी ने जताई खुशी

बीजापुर(कुबेर भूमि)। वायनाड के सांसद राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने के साथ ही जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता खुशी का इजहार कर रहे हैं, राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने जिले वासियों को बधाई देते हुए इसे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत करार दिया है विक्रम मंडावी ने लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना को साझा करते हुए कहा कि ऐसी दिखती है नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ ढ्ढ.ह्ल.ष्ठ.ढ्ढ. की जीत है. राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी। विक्रम मंडावी ने कहा कि राहुल गांधी को दोबारा सांसद बनाने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड के लोगों के लिए राहत लाया है। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा और मोदी सरकार को अपने कार्यकाल का जो भी समय बचा है, उसका उपयोग विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के बजाय वास्तविक शासन पर ध्यान केंद्रित करके काम करना चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास का सपना हो रहा साकार

दंतेवाड़ा (कुबेर भूमि)। हर एक नागरिक का सपना होता है कि उसका अपना एक पक्का आवास हो जिसमें वह अपने परिजनों सहित आराम का जीवन व्यतीत कर सके। परन्तु आर्थिक स्थित खराब होने के चलते सभी का यह सपना साकार नही हो पाता। ऐसे ही निम्न वर्गीय,असहायों के सपने को साकार करने प्रधानमन्त्री आवास योजना' चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से ऐसे गरीब, असहाय जिनके पास अपना स्वयं के पक्का मकान नही है और निर्धनता के कारण अपना आवास बनाने में असमर्थ है, उन्हें इस योजना का लाभ देकर सरकार द्वारा गरीबों का सपना साकार किया जा रहा है। अब तक लाखों लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है । यह कहा जा सकता है कि 'प्रधानमंत्री आवास योजना' गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। ऐसे ही जिले के कई लोगों के सपने को हकीकत में बदलती आई है प्रधानमंत्री आवास योजना। दंतेवाड़ा जिले से महज 5 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत कुम्हाररास के निवासी रामू कर्मा जो कि पूर्णतः कृषि , मजदूरी कर जीवन यापन करता है। रामू कर्मा का घर पूरी तरह से कच्ची छत एवं कच्ची दीवार से बना था एवं कृषि मजदूरी से अच्छी आय अर्जित नहीं हो पाती थी कि पक्का मकान बना सके। साथ ही परिवार की जिम्मेदारी से उबर नहीं पा रहा था। रामू कर्मा भला कैसे पक्के मकान की कल्पना कर सकता था, लेकिन यह संभव हुआ प्रधानमंत्री आवास योजना से। कभी कच्ची छत के टूटे हुए छप्पर से टपकते पानी में गुजर बसर कर रहे परिवार के लिये यह वरदान साबित हुआ है। रामू कर्मा का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रता सूची में आने पर रामू कर्मा और उसके परिवार में खुशी का माहौल सा बन गया और हितग्राही द्वारा आवास निर्माण स्वीकृति के पश्चात् निमार्ण प्रारम्भ किया एवं स्वयं के द्वारा अपने पक्के आवास के सपनों का निर्माण पूरा किया। रामू बताता है कि आज जब मै अपने पक्के मकान में रह रहा हूं तो मुझे एक सपना लग रहा है। पहले कच्चे घर में सांप बिच्छू आ जाते थे। बरसात में छत से पानी टपकने लगती थी और ठंड के दिनों में बहुत परेशानी होती थी, पूरी रात आग के सहारे मेरा परिवार रहता था। अब पक्के घर में हम और हमारे बच्चे चैन से रह रहे है। आवास एवं आवास निर्माण का पूरा पैसा मुझे प्राप्त हो गया है।

हमारा सपना साकार हो गया है। वह कहता है कि प्रधान मंत्री आवास योजना ने गरीबों को पक्के मकान के सपने को पूरा करने का अवसर दिया। आज उनके कारण ही हम पक्के मकान में रह रहे है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही बहुत सारी योजनाओं का लाभ भी हमें मिल रहा है। इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना से कई ग्रामीणों के सपने साकार हुए है। जिले में अब तक 5 हजार 3 सौ 86 आवास पूर्ण किये जा चुके है।

संपादकीय

अमेरिका की साख में सेंध

फिच ने कहा है कि अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटाना अगले तीन सालों में संभावित मौद्रिक गिरावट, बहुत तेजी से बढ़ते कर्ज और सरकारी तंत्र में उथल-पुथल का संकेत है। पिछले करीब दो दशकों में देश के सरकारी तंत्र में अस्थिरता देखी गई है। जो बात कभी सोचना भी कठिन लगता था, वह अब सचमुच हो रहा है। रेटिंग एजेंसी फिच ने दुनिया की इस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की क्रेडिट रेटिंग ट्रिपल ए से घटाकर डबल ए प्लस कर दी है। इसकी वजह बताते हुए एजेंसी ने कहा है कि पिछले दो दशक में सरकार के प्रशासन में लगातार गिरावट देखी जा रही है। देश की वित्तीय हालत और उस पर बढ़ते कर्ज के बोझ से बनी स्थिति भी चिंताजनक होती जा रही है। गौरतलब है कि निवेशक किसी भी सरकार को कर्ज देने के लिए या उस देश में निवेश से संबंधित जोखिम का मूल्यांकन क्रेडिट एजेंसियों की रेटिंग के आधार पर करते हैं। अब तक अपनी अर्थव्यवस्था के विशाल आकार और स्थिरता के कारण अमेरिका में निवेश को आम तौर पर बेहद सुरक्षित माना जाता था। लेकिन पिछले कुछ साल से अमेरिका में राजनीतिक अस्थिरता का दौर रहा है। 2020 के चुनावों के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने जो बाइडेन की जीत को स्वीकार करने से ही इनकार कर दिया था। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को मुकदमों में फंसाने की जारी कोशिशों से उनके समर्थकों में नाराजगी बढ़ रही है। इसे एक प्रकार की संभावित अस्थिरता का कारण समझा जा रहा है। दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच बढ़ते टकराव का नतीजा है कि इस साल जून में अमेरिका डिफॉल्टर होने के कगार तक पहुंच गया था। तब सरकार को कर्ज सीमा बढ़वाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को खासी मशक्कत करनी पड़ी थी। कर्ज सीमा में बढ़ोतरी के बाद अमेरिका सरकार का कर्ज तेजी से बढ़ा है। ऐसी स्थितियों को अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं माना जाता। फिच ने कहा है कि रेटिंग घटाना अगले तीन सालों में संभावित मौद्रिक गिरावट, बहुत तेजी से बढ़ते कर्ज और सरकारी तंत्र में उथल-पुथल का संकेत है। पिछले करीब दो दशकों में देश के सरकारी तंत्र में अस्थिरता देखी गई है। फिच के मुताबिक जून में दोनों दलों के बीच कर्ज सीमा को 2025 तक बढ़ाने की सहमति बावजूद हकीकत यही है कि अमेरिका में मौद्रिक और कर्ज संबंधी स्थितियां बिगड़ती जा रही हैं।

आज का राशिफल

मेष राशि:आज का दिन शानदार रहने वाला है। आप उल्लास और कुछ बेहतरीन कर गुजरने के मूड में रहेंगे। आपके सामने कुछ अच्छे अवसर आएंगे आप उसका पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार रहें। आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। परिवारवालों के साथ आनंद के पल बीताएंगे। इस राशि के जो लोग वकालत के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहेगा।

वृष राशि:आज का दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आपके पहले किए गए प्रयासों का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को थोड़ी ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आपका दिन परिवारवालों के साथ बितेगा। जिससें परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक है। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा।

मिथुन राशि:आज का दिन सामान्य रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम को करने में थोड़ी रुकावट आ सकती है, लेकिन सहकर्मियों के सहयोग से समय से पूरा करने में सफल होंगे। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा। साझेदारी में किया गया काम फायदेमंद रहेगा। अपने उदार स्वाभाव से लोगों को अपनी ओर अट्रैक्ट कर पाएंगे।

कर्क राशि:आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपको जरूरी कामों में सफलता मिलने वाली है। अगर आप कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने की सोच रहे हैं तो थोड़ा रुक जाएं। इस राशि के वकिल आज किसी पुराने केस की स्टडी करेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। साथी को समझने का प्रयास करेंगे जिससे रिश्तें मजबूत होंगे। घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

सिंह राशि:आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। जो भी काम आपके लिए खास हैं, उसे आज समय से पहले पूरा करने की कोशिश करेंगे, इसमे आपको सफलता भी मिलेगी। इस राशि के छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता हासिल हो सकती है।

कन्या राशि:आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। किसी जरूरी काम को पूरा करने में कोई दोस्त अचानक काम आ सकता है। परिवार संग किसी धार्मिक कार्य में मन लगाएंगे जिससे मन शांत रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के नए तरीके सोचेंगे जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा।

तुला राशि:आज का दिन अच्छा रहने वाला है। समझदारी के साथ काम करेंगे तो आपको कारोबार में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होगा। आपको जो भी काम दिया जाए उसे स्वीकार कर लें, क्योंकि आपको काफी धनलाभ होगा। जो भी करेंगे, उसके साथ कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी भी रहेगी। लोग अपनी परेशानियां आपके सामने रखेंगे। जिसे आप आसानी से सुलझा देंगे।

वृश्चिक राशि:आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। कुछ लोगों का व्यवहार आज आपकी समझ से बाहर रहेगा। जरूरत पड़ने पर साथ के कुछ लोग आपकी मदद करेंगे। साथ ऐसी स्थितियों में जीवनसाथी का भी सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों का समय घर पर दादा-दादी के साथ बितेगा और उनसे कुछ बातें करेंगे।

धनु राशि:आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। इस राशि के विवाहित अपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाएं रखें, गलतफहमियों से रिश्ते में उलझन बढ़ सकता है। इस राशी के मेडिकल स्टूडेंटस को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा, जो भविष्य में आपके काम आएगा।

मकर राशि: आज का दिन व्यस्तता में बीतेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरा करने में सफल होंगे। आपके सपने साकार होते हुए नजर आएंगे। खुद को आर्थिक रूप से मजबूत महसूस करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। इस राशि के छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें आज किसी दोस्त की सहायता से सॉल्व हो जाएगी।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस राशि के व्यापारी वर्ग के लोगों को फायदा होने के योग बन रहे हैं। साथ ही कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी भी होगी। आप कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपके सेहत में सुधार आएगा।

मीन राशि:आज अपनी सोच सकारात्मक रखें। भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए प्लान बनाएंगे। जिसमें घरवालों की मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों को आज अपने लिए नए अवसरों की तलाश करनी होगी। इस राशि के जो लोग मैकनिकल की तैयारी कर रहे हैं आज उन्हें जल्द ही किसी अच्छी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। लवमेट्स एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। जिससे रिश्तें में और मजबूती आएगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएगी।

मैंने मदन दास की विशेषताओं से बहुत कुछ सीखा

> मदन दास जी का शानदार एकेडमिक रिकॉर्ड था और उनके काम में यह परिलक्षित भी हुआ। एक उत्साही पाठक, जब भी कुछ अच्छा पढ़ता है तो वह उस सामग्री को उस क्षेत्र में काम करने वाले संबंधित व्यक्ति को भेज देता है। मुझे भी अक्सर ऐसी सामग्री हासिल करने का सौभाग्य मिला है। उन्हें अर्थशास्त्र और नीतिगत मामलों की भी अच्छी समझ थी। उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां कोई भी व्यक्ति दूसरों पर निर्भर न हो और जहां प्रत्येक व्यक्ति आत्मसुधार और विकास के अवसरों से सशक्त होकर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। मदन दास जी ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां आत्मनिर्भरता केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए जीवंत वास्तविकता हो। ऐसा समाज हो जो पारस्परिक सम्मान, सशक्तिकरण और साझा समृद्धि के सिद्धांतों पर आधारित हो। अब, जैसे-जैसे भारत विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक आत्मनिर्भर होता जा रहा है, उनसे अधिक खुश और कोई नहीं होगा।

पीएम नरेन्द्र मोदी

कुछ दिनों पहले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक मदन दास देवी जी के हुए देहावसान से मुझे और लाखों कार्यकर्ताओं को जो आघात पहुंचा है, उसके लिए कोई शब्द नहीं हैं। मदन लाल जी जैसे प्रभावशाली व्यक्तित्व हमारे बीच नहीं रहे। इस चुनौतीपूर्ण सच्चाई को स्वीकारना कठिन है लेकिन इस बोध से सांत्वना मिलती है कि उनसे जो सीख मिली है और उनके आदर्श रहे हैं, हमारी आगे की यात्रा में मार्गदर्शक के रूप में काम करते रहेंगे।

मदन दास जी के साथ मुझे वर्षों तक निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला। मैंने उनकी सादगी और मृदुभाषी स्वभाव को बहुत करीब से देखा है। वह सर्वोत्कृष्ट संगठनकर्ता थे। संगठन में काम करते हुए मैंने भी काफी समय उनके साथ बिताया है। ऐसे में स्वाभाविक ही है कि संगठन के संवर्धन और कार्यकर्ताओं के विकास से जुड़े पहलू नियमित रूप से हमारी बातचीत में शामिल होते रहे। ऐसे ही एक चर्चा के दौरान, मैंने उनसे पूछ लिया कि वह कहां के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो वह महाराष्ट्र के सोलापुर के पास के एक गांव के हैं लेकिन उनके पूर्वज गुजरात से आए थे। लेकिन उन्हें यह नहीं मालुम था कि वे किस गांव से आए थे। मैंने उन्हें बताया कि मेरे एक शिक्षक थे जिनका सरनेम देवी था और वे विसनगर के रहने वाले थे। बाद में, वह विसनगर और वडनगर भी गए। हमारी बातचीत भी उनसे गुजराती में होती थी।

मदन दास जी में अनेक विशिष्टताएं थीं। उन विशेषताओं एक खासियत यह भी थी कि शब्दों से आगे जाकर उन शब्दों के पीछे की भावनाओं को समझने की क्षमता। मृदु-भाषी और हमेशा मुस्कुराते रहने वाले, मदन दास जी घंटों की लम्बी चर्चाओं को संक्षेप में और कुछ ही वाक्यों में प्रस्तुत कर सकते थे।



मदन दास जी की जीवनयात्रा के पहलू विस्मयकारी हैं और उन पहलुओं को कोई इंसान तभी हासिल कर सकता है जब उसने खुद को पीछे रख दिया हो और समूह को आगे किया हो। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के बावजूद संघ कार्य को महत्व दिया। वह आराम का जीवन जी सकते थे, लेकिन उनका उद्देश्य कुछ और था- भारत के विकास के लिए काम करने में।

मदन दास जी को भारत के युवाओं पर बहुत विश्वास था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को मजबूत करने में खुद को झोंक दिया। इस यात्रा में वह जिन लोगों से प्रभावित रहे, उनमें से एक थे यशवंतराव केलकर जी। वह उनसे बहुत प्रेरित थे और अक्सर उनके बारे में बात करते थे। मदन दास जी ने विद्यार्थी परिषद के काम में अधिक से अधिक छात्राओं को शामिल करने और उन्हें एक मंच प्रदान करके सशक्त बनाने पर जोर दिया ताकि वे समाज कल्याण में योगदान दे सकें। वह अक्सर कहा करते थे कि छात्राएं जब किसी सामूहिक प्रयास में शामिल होंगी तो वह प्रयास हमेशा ही ज्यादा संवेदनशील बनकर उभरेगा। विद्यार्थियों के प्रति स्नेह उनके लिए अन्य सभी चीजों से ऊपर था। उनका वह हर समय छात्रों के बीच रहे, लेकिन पानी में कमल की तरह।

मैं ऐसे कई नेताओं को जानता हूं जिन्होंने अपना जीवन मदन दास जी के मार्गदर्शन में शुरू किया। युवावस्था के दौरान उनका उत्थान मदन दास जी से मिले मार्गदर्शन की वजह से हुआ लेकिन इसे लेकर बड़े-बड़े दावे करना उनके स्वभाव में कभी नहीं रहा।

आजकल, जन-प्रबंधन, प्रतिभा-प्रबंधन और कौशल प्रबंधन की अवधारणाएं बेहद लोकप्रिय हो गईं हैं। लोगों को समझने और उनकी प्रतिभा को संगठनात्मक लक्ष्यों पर आधारित करने में मदन दास जी को विशेषज्ञता जग-जाहिर थी। वह विशिष्ट थे क्योंकि वह लोगों की क्षमताओं को समझते थे और उसकी क्षमता के आधार पर ही उसे काम सौंपते थे। वह इस बात के पक्षधर नहीं थे कि लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से जिम्मेदारी सौंपी जाए। यही वजह है कि किसी भी युवा कार्यकर्ता के पास यदि कोई नया विचार होता तो मदन दास जी उसकी आवाज को आगे करते थे। यही वह मूल वजह है कि जिसकी वजह से उनके साथ काम करने वाले बहुत से लोग अपनी क्षमता के आधार पर अलग छाप छोड़ने के लिए स्व-प्रेरित हुए। इसीलिए, संगठन का उनके नेतृत्व में लगातार विस्तार होता गया। यह कहने की जरूरत नहीं कि मदन दास जी को संगठन के काम से यात्राएं बहुत करनी पड़ती थी और उनका व्यस्त कार्यक्रम होता था। लेकिन बैठकों के लिए वह हमेशा अच्छी तरह तैयार रहते थे। उनकी कार्यसूची हमेशा सरल होती थी, बोझिल नहीं, किसी कार्यकर्ता पर बोझ भी नहीं। उनकी यह खासियत अंत तक उनमें अभिन्न रूप से बनी रही। अपनी लम्बी बीमारियों का उन्होंने डटकर सामना किया। जब भी मैं उनसे पूछता था तो कई बार पूछने के बाद ही वह बीमारी के बारे में बात करते थे। शारीरिक तकलीफों के बावजूद वह खुश रहे। बीमारी की हालत में भी वे लगातार यही सोचते रहते थे कि देश और समाज के लिए वे क्या कर सकते हैं।

मदन दास जी का शानदार एकेडमिक रिकॉर्ड था और उनके काम में यह परिलक्षित भी हुआ। एक उत्साही पाठक, जब भी कुछ अच्छा पढ़ता है तो वह उस सामग्री को उस क्षेत्र में काम करने वाले संबंधित व्यक्ति को भेज देता है। मुझे भी अक्सर ऐसी सामग्री हासिल करने का सौभाग्य मिला है। उन्हें अर्थशास्त्र और नीतिगत मामलों की भी अच्छी समझ थी। उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां कोई भी व्यक्ति दूसरों पर निर्भर न हो और जहां प्रत्येक व्यक्ति आत्मसुधार और विकास के अवसरों से सशक्त होकर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। मदन दास जी ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां आत्मनिर्भरता केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए जीवंत वास्तविकता हो। ऐसा समाज हो जो पारस्परिक सम्मान, सशक्तिकरण और साझा समृद्धि के सिद्धांतों पर आधारित हो। अब, जैसे-जैसे भारत विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक आत्मनिर्भर होता जा रहा है, उनसे अधिक खुश और कोई नहीं होगा।

आज, जब हमारा लोकतंत्र जीवंत है, युवा आश्वस्त हैं, समाज दूरदर्शी है, और राष्ट्र आशा और विश्वास से भरा हुआ है, श्री मदन दास देवी जी जैसे लोगों को स्मरण करना महत्वपूर्ण हो जाता है जिन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए और राष्ट्र को उन्नति पथ पर ले जाने के लिए समर्पित कर दिया। उनका उद्द्श्य था भारत के विकास के लिए काम करना।

भक्त बन रहे हैं रेडिकल!

हरिशंकर व्यास

मेरा मानना है कि अगले चुनाव का फैसला हिंदीभाषी नौजवानों से होगा। तभी हिंदू नौजवान की मनोदशा का मसला अहम है। नीतीश कुमार भले जातीय जनगणना से पिछड़ी जातियों के नौजवानों को लुभाएं या राहुल गांधी नौजवान ऊर्जा से अपना दम दिखलाएं मगर युवा मनोदशा जस की तस है। हां, नरेंद्र मोदी के 36-38 प्रतिशत भक्त वोट पक्के हैं। पिछले नौ वर्षों में ये और रेडिकल हुए हैं। योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर से या बागेश्वर के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के भक्त जगाओ प्रवचनों से या और सोशल मीडिया से।

सोचें, इसी सप्ताह ज्ञानवापी मस्जिद पर योगी आदित्यनाथ ने क्या कहा? ऐसे ही बागेश्वर के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की हिंदुओं को कथित तौर पर जगाने की एक वीडियो क्लिप दिखी। उस नाते कोई जरूरत नहीं है नरेंद्र मोदी और अमित शाह को मेहनत करने की। मैंने पहले कभी किसी मुख्यमंत्री, पदासीन मंत्री-नेता के मुंह से वह नहीं सुना जैसे गुजरे सप्ताह योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुना। मुख्यमंत्री- मैं, भय या पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना, सभी प्रकार के लोगों के प्रति संविधान और विधि के अनुसार न्याय करूंगा- की शपथ लिए हुए होता है। उस अनुसार ज्ञानवापी पर योगी को बोलना ही नहीं था। अदालत को काम करने देना था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा व सरकार द्वारा अयोध्या छोड़ बाकी सभी स्थानों पर 1947 के वक्त की यथास्थिति में धर्मस्थानों के अधिकार के कानून की पालना होनी थी। लेकिन योगी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले से ठीक पहले कहा- वहां की (ज्ञानवापी) दीवारें चिल्ला चिल्ला कर कहती हैंज.।

जाहिर है यह कल्याण सिंह से योगी आदित्यनाथ के सफर का रेडिकल मुकाम है तो ऐसे ही आचार्य धीरेंद्र शास्त्री भी हिंदुओं को आह्वान करते हुए हैं। क्या लगता नहीं कि नौ वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है? पुराने सब आउट हैं। उमा भारती, गिरिराज किशोर, साध्वी प्रज्ञा, प्रवीण तोगड़िया से लेकर राम-रहीम, आसाराम आदि से जो हिंदू जन जागरण हुआ था वह अब नए रेडिकल लेवल पर लाल-पीला है।

सवाल है अगले नौ-दस महीनों में यूथ वोट को उन्मादी बनाने के और कितनी तरह के जतन होंगे? इनसे वोटर में वोट राजनीति की वाह बनेगी या नफरत पैदा होगी? लोगों को क्या समझ में आएगा? वोट के लिए उन्हें उल्लू बना रहे हैं या यह जिद्द बनेगी कि मोदी के बिना देश नहीं बचेगा? हिंदू नहीं बचेंगे?

सोचें, सोमवार को जयपुर से मुंबई जा रही ट्रेन के उस आरपीएफ़ जवान चेतन सिंह पर, जिसकी रायफल से चार लोग मरे। उसका गोली चलाना क्या। था? वह मोदी-योगी का भक्त था या रेडिकल या सिरफिरा व पागल? चाहे जो मानें, असल बात है कि उसने होशोहवास में ट्रेन में ढूंढ कर मुसलमानों को मारा! और वह भी नौजवान उम्र का था!

विश्व सुरक्षा : नई पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य जरूरी

भारत डोगरा

चाहे यूक्रेन युद्ध का संदर्भ हो या जलवायु बदलाव के संकट का, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हाल के समय में चेतावनी देते रहे हैं कि विश्व नेतृत्व को इन बड़े मुद्दों पर अधिक जिम्मेदारी दिखानी चाहिए।

विभिन्न बड़े संकटों को अधिक बढ़ने नहीं देना चाहिए और आपसी सहयोग से उचित समय पर समाधान प्राप्त करने चाहिए।

यूक्रेन युद्ध की ही बात करें तो अनेक जाने-माने विशेषज्ञों ने यह कहा है कि इसे इस दिशा में न जाने दें कि अमेरिका और रूस के बीच प्रत्यक्ष युद्ध की स्थिति आ जाए। आखिर, हम यह नहीं भूल सकते हैं कि विश्व के लगभग 13,000 परमाणु हथियारों में से लगभग 90 प्रतिशत इन दो देशों के पास ही हैं। इसी तरह जलवायु बदलाव के संकट के बारे में अनेक विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि इसके भी अपने 'टिपिंग प्वॉइंट' हैं, जिनका अतिक्रमण हुआ तो संकट तेजी से बढ़ता हुआ मानव नियत्रण के बाहर भी जा सकता है। विश्व नेतृत्व की युवा पीढ़ी के प्रति, आज के मासूम बच्चों के प्रति और भावी पीढ़ियों के प्रति बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि उनके लिए एक सुरक्षित दुनिया हम छोड़ कर जाएं।

इसके लिए विश्व स्तर के सभी बड़े खतरों के समाधान को उच्चतम प्राथमिकता देते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग से कार्य करना होगा और निर्धारित अवधि के बीच कुछ बड़े अंतरराष्ट्रीय समझौते करने होंगे, विश्व सुरक्षा के मुद्दों पर आम राय बनानी होगी। पर गहरी चिंता की बात है कि तरह-तरह के विवादों और झगड़ों के बीच फंसा हुआ विश्व इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति नहीं कर पा रहा है। महाविनाशक हथियारों के मुद्दे को ही लें तो आज विश्व में लगभग 13,000 परमाणु हथियार हैं। इनमें से अधिकांश की विध्वंसक क्षमता उन परमाणु बमों से कहीं अधिक है जिन्हें हिरोशिमा और नागासाकी पर 1945 में गिराया गया था। आज नौ देशों के पास परमाणु हथियार हैं, जो 14 देशों में तैनात हैं। इसके अतिरिक्त, अनेक समुद्री जहाज और यान हजारों परमाणु हथियारों से लैस होकर निरंतर समुद्रों में घूम रहे हैं।

इस स्थिति में विश्व की कोई भी धरती या समुद्र इन हथियारों की विध्वंसकता में सुरक्षित नहीं है। युद्ध न हो तो भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं, और इन परमाणु हथियारों से इस कारण बहुत क्षति हो सकती है। तिस पर बड़ी सैन्य महाशक्तियों के बीच तनाव निरंतर बढ़ रहे हैं। अनेक विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि निरंतरता से तनाव लंबे समय तक बने रहे तो महज शक और एक-दूसरे के इरादे की गलत पहचान से भी नाहक ही महाशक्तियों के बीच परमाणु युद्ध आरंभ हो सकता है। इसके अतिरिक्त, रोबोट और एआई हथियारों का खतरा बढ़ रहा है, जो आगे चलकर ऐसी पेचीदगियां उत्पन्न कर सकता है, जिनके लिए विश्व तैयार नहीं है। अंतरिक्ष के सैन्यकरण के खतरे भी मौजूद हैं जिनसे विश्व सुरक्षा बहुत बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।

जलवायु बदलाव को विश्व की सबसे बड़ी पर्यावरण समस्या माना गया है, पर इसके साथ लगभग ऐसी अन्य पर्यावरणीय समस्याएं भी जुड़ी हैं, और इनका मिला-जुला असर यह है कि ये विश्व की जीवनदायिनी क्षमताओं को ही बुरी तरह संकटग्रस्त कर सकती हैं। यह तो भावी पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा। बहुत दूर की बात न करें तो जो आज के मासूम बच्चे हैं, उनके जीवनकाल में ही यह धरती की जीवनदायिनी क्षमता बहुत बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। इस स्थिति में विश्व स्तर पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी तो यही बनती है कि इस स्थिति को समय पर संभाल लिया जाए।

इससे मिला-जुला एक अन्य संकट यह बढ़ रहा है कि विश्व स्तर पर कई तरह की खतरनाक तकनीकें आ रही हैं और वह भी खाद्य एवं कृषि, स्वास्थ्य तथा संचार जैसे क्षेत्रों में। इनके बारे में कई जाने-माने विशेषज्ञ चेतावनियां देते रहे हैं कि इनके तेज प्रसार से पहले इनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है। पर जहां बहुत बड़ी-बड़ी विश्व स्तर की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के स्वार्थ जुड़े हों, वहां इन बड़े विशेषज्ञों की चेतावनियों की भी उपेक्षा हो सकती है, और हो भी रही है। इनमें से कुछ तकनीकों का उद्देश्य केवल मुनाफा बढ़ाना नहीं है अपितु नियत्रण बढ़ाना है। इस संदर्भ में विकासशील देशों के अनेक विद्वान और नेता विशेष तौर पर चिंतित हैं कि यदि कृषि और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय कंपनियां हावी हो गई तो इन देशों की अर्थव्यवस्था और आजीविका पर बहुत प्रतिकूल असर पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण और स्वास्थ्य भी प्रतिकूल प्रभावित होंगे।

ध्यान रहे कि इनमें से अनेक विकासशील देश पहले ही औपनिवेशिक शोषण को एक-दो शताब्दियों तक या उससे भी अधिक समय तक झेल चुके हैं। इससे उनकी बहुत क्षति हुई और फिर एक बड़े संघर्ष के बाद उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त की। अनेक कठिनाइयों के बीच अपने नागरिकों के लिए अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त कीं। अब इनके लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा प्रसारित नई तकनीकों, धनी देशों द्वारा प्रसारित नये व्यापार एवं निवेश समझौतों और नियमों के कारण नई कठिन चुनौतियां उत्पन्न की जा रही हैं, और उन्हें बहुत सावधानी से निर्णय लेने पड़ेंगे ताकि वे किसी ऐसे नये जाल में न फंस जाएं जिससे निकलना उनके लिए कठिन हो जाए। ध्यान देने की बात है कि जहां पश्चिमी धनी देश इस संदर्भ में कई चाल चल रहे हैं, वहां विश्व आर्थिक शक्ति के नये केंद्र के रूप में चीन भी अपनी ओर से कई आक्रामक नीतियां अपना रहा है।

इस स्थिति में भारत जैसे महत्वपूर्ण विकासशील देशों के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्हें इन दोनों ओर के भ्रमजाल से दूर हटकर अपनी स्वतंत्र और सोची-सुलझी राह निकालने के लिए विश्व को नई राह दिखानी चाहिए। भारत, ब्राजील, मैक्सिको जैसे अनेक महत्वपूर्ण देश विश्व स्तर पर कई गंभीर संकटों से बचने की और न्यायसंगत विकास की नई राह दिखा सकते हैं पर इसके लिए जरूरी है कि वे कई तरह के भ्रमजाल से अपने को दूर रख सकें। दूसरी ओर, बढ़ती विषमता के बीच अरबपतियों की संख्या तेजी से बढ़ी है, और इनमें से सबसे बड़े अरबपतियों के पास आज इतनी आर्थिक शक्ति और राजनीतिक असर संचित है, जो कुछ वर्ष पहले तक संभव नहीं था।

प्रिंटरेट से अधिक में बिक रहा आई फ्लू का ड्रॉप

महंगे में बिक रहा सिप्लाक्स, मॉक्सीप्लाक्सिन, जेंटालेब व मॉक्सी आई ड्रॉप

जगदलपुर (कुबेर भूमि)। संभागीय मुख्यालय में शासकीय जिला महारानी अस्पताल में एक दिन में लगभग 70 फीसदी आई फ्लू पहुंच रहे है, जिसके लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से सिप्लाक्स, सिप्रोफ्लोक्सिन आदि दवा के आई ड्रॉप निःशुल्क मिल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निजी क्लीनिक में इलाज कराने वालों को आई फ्लू की आई ड्रॉप निजी मेडिकल स्टोर में महंगे में बिक रही है। इसमें ड्रॉप प्रिंटरेट से अधिक में मरीजों को मिल रहा है। मेडिकल स्टोर में सिप्लाक्स 15.34 की 50 रूपए, 86.90 की मॉक्सीप्लाक्सिन 100 रूपए, 48.31 की जेंटालेब 60 रूपए एवं 160 की मॉक्सी आई ड्रॉप 200 रूपए में बिक रही है। शनिवार को शासकीय अवकाश होने के बाद भी महारानी अस्पताल में आपातकालीन सेवा में इलाज कराने के लिए मरीज कतारबद्ध लगे रहे। शहर के महारानी अस्पताल, डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज एवं ग्रामीण क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केन्द्र में सिप्लाक्स, सिप्रोफ्लोक्सिन के आई ड्रॉप निःशुल्क मिल रहा है।

कार्रवाई के लिए टीम गठित

बस्तर जिले के सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी ने बताया कि आई फ्लू के मरीजों को मेडिकल स्टोर में प्रिंटरेट में ड्रॉप बेचने के लिए डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। टीम को निर्देश दिया कि मेडिकल स्टोर में प्रिंटरेट से अधिक में ड्रॉप बेचने एवं दवाईओं का स्टॉक की जानकारी दें। प्रिंटरेट से अधिक दाम में मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही उजागर राहगीर व ग्रामीण परेशान -अशवन्त तुषार साहू

जनसंपर्क कर समस्याओं को सुनकर निराकरण का प्रयास

महासमुंद (कुबेर भूमि)। विधानसभा विधायक प्रत्याशी अशवन्त तुषार साहू लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जन-जन पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन निराकरण भी करा रहा है आज जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम साराडीह मे जनसंपर्क कर लोगों का हालचाल जानने पहुंचे पर ग्रामीणों ने चन्दन गुलाल लगाकर कर भव्य स्वागत किया जनसंपर्क भेंट मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने अपने विभिन्न प्रकार की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया जिसमें ग्रामीणों ने बताया इस मार्ग का रखरखाव का जिम्मा पीडब्ल्यूडी विभाग का है, लेकिन ठीक से रख रखाव एवं देखभाल नहीं किए जाने से मार्ग क्षतिग्रस्त होने लगी है,इन दिनों बरसात में जगह-जगह पानी जाम हो रहा है, पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बरती गई लापरवाही की पोल खोल कर रख दी है, सड़कों की दूर्दशा देखकर नहीं लगता कि पीडब्ल्यूडी विभाग का कोई कर्मचारी अधिकारी इस मार्ग से होकर गुजरता होगा, बरसात के दिनों का पानी जगह-जगह जाम हो रहा है, साराडीह मुख्य मार्ग के सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है, कई जगह तो जानलेवा गड्ढे बन गए इस वजह से आए दिन हमेशा दुर्घटना की आकांक्षा बनी रहती है, लोगों का कहना है कि सड़कों पर पानी भरे रहने से राहगीरों को गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा पाता और कई मोटरसाइकिल चालक इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, ग्रामीणों के द्वारा शासन प्रशासन से रोड बनाने की विशेष मांग किया, नवीन राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया जिस पर तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को कहा,

बिजली समस्याओं को लेकर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन

कवर्धा.(कुबेर भूमि)। जो विधायक एक सड़क न बनवा सके, जो बिजली की समस्या न दूर कर सके, जो सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त हो, ऐसी विधायक और ऐसी सरकार को सबक सिखाने का वक्त आ गया है. जनता इस सरकार को बदलने के लिए सिर्फ चुनाव का इंतजार कर रही है.ये बातें आज कुई कुकदुर के विद्युत कार्यालय घेराव के कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने कही. दरअसल कवर्धा जिले के वनांचल क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही बिजली समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार आंदोलन कर रही है. पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी और क्रांति गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा ने ग्रामीणों के साथ आज कुई कुकदुर में विद्युत कार्यालय का घेराव किया. इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने एक रैली निकाली जिसमे स्थानीय विधायक और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर अपना गुस्सा प्रदर्शित किया. बिजली ऑफिस घेराव के इस प्रदर्शन में जिला किसान मोर्चा महामंत्री जलेश्वर चंदू साहू, मंडल प्रभारी रितेश सिंह ठाकुर , मंडल अध्यक्ष रतिराम भट्ट , महामंत्री बसंत भाटिया ,संतोष श्रीवास ,वरिष्ठ कृष्णा कुंभकार ,दीपक सलूजा , दशरथ कुंभकार, बाला राम चंद्रवंशी, पदमराज टंडन, संजय जैन, रिद्धि राम श्याम ,सिद्ध राम श्याम, छोटन बैगा,पंचराम, मंगलू, धमतरी राम, धन सिंह यादव, काशीराम, रामप्रसाद ,दयालु धुर्वे,देव सिंग, धनस्सु,संतोष धुर्वे, राम सिंह, राकेश,महेश, मोहित मरावी, मनीराम,श्याम, नरोत्तम साहू,यशवंत श्रीवास, दीपा धुर्वे, प्रदीप के साथ क्षेत्र के किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति 17 अगस्त तक

बिलासपुर (कुबेर भूमि)। एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत राजपुर के आंगनबाड़ी केंद्र राजपुर 1 में कार्यकर्ता पद एवं राजपुर 3 में सहायिका पद हेतु तथा ग्राम पंचायत सकेरी के आंगनबाड़ी केंद्र सकेरी 1 में कार्यकर्ता पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन कर लिया गया है।

मूल्यांकन पश्चात अनंतिम मूल्यांकन पत्रक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर, जनपद पंचायत तखतपुर, ग्राम पंचायत राजपुर एवं सकेरी तथा आंगनबाड़ी केन्द्र राजपुर 1, राजपुर 3 तथा सकेरी 1 में चस्पा किया जा चुका है। इस संबंध में 17 अगस्त तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर में कार्यालयीन समय पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

संसदीय सचिव श्रीमती सिंह ने स्कूली बच्चों को बांटे प्रमाण पत्र

एक ही दिन में 6 हजार से ज्यादा प्रमाण पत्रों का वितरण

बिलासपुर (कुबेर भूमि)। राज्य शासन द्वारा स्कूली बच्चों को आसानी से जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी के फलस्वरूप आज तखतपुर अनुविभाग अंतर्गत स्कूली बच्चों को एक ही दिन में 6 हजार 506 प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसमें तहसील तखतपुर के 1686, सकरी एवं गनियारी के 4820 प्रमाण पत्र शामिल है। संसदीय सचिव एवं तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सकरी में आयोजित कायक्रम में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयास से जिन 12 जातियों के किन्हीं कारणों से जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाते थे, उनके जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी प्रावधान किया गया है। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलकूद को संरक्षित करने एवं उन्हें आगे बड़ाने के लिए प्रदेश भर में छत्तीसगड़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी से प्रतियोगिता में बड़-चड़कर हिस्सा लेने कहा। कार्यक्रम में श्रीमती सिंह ने बच्चन बाई स्वामी आत्मानंद स्कूल सकरी की वार्षिक पत्रिका ''प्रवाहिका'' का विमोचन भी किया। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से तहसील के पटवारियों, शिक्षकों तथा अधिकारियों द्वारा लगातार शिविर लगाकर स्कूली बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु फॉर्म भरवाए जा रहे थे, इसी क्रम में आज एक साथ सभी प्रमाण पत्र उनके स्कूलों में ही वितरित किया गया। शेष प्रमाण पत्र संकुल समन्वयकों तथा हल्का पटवारियों के माध्यम से उनके स्कूलों में ही वितरित किया गया।



मुख्यमंत्री विश्व आदिवासी दिवस में बस्तर जिले को 637 करोड़ 03 लाख से अधिक राशि की विकास कार्यों की देंगे सौगात

2300 विकास कार्यों में 1838 भूमिपूजन और 462 लोकार्पण है शामिल

मुख्यमंत्री अंबक नेत्र चिकित्सालय और सेहत बाजार (मिलेट्स कैफे) का करेंगे लोकार्पण

जगदलपुर (कुबेर भूमि)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने संम्भावित बस्तर प्रवास के दौरान विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त के अवसर पर जिलेवासियों को 637 करो? 03 लाख से अधिक लागत के 2 हजार 300 विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिसमें 486 करो? 70 लाख 76 हजार रुपये लागत के 1838 कार्यों का भूमिपूजन तथा 150 करो? 32 लाख रुपए लागत के 462 कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार 8 अगस्त को महारानी अस्पताल में निर्मित अंबक नेत्र चिकित्सालय और दलपत सागर के समीप सेहत बाजार (मिलेट्स कैफ) का भी लोकार्पण करेंगे। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर पीजी कालेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण और हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण करेंगे। इसके उपरांत मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और टेंडर घोटाला को लेकर भाजपा करेगी लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता का घेराव

विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और टेंडर घोटाला पीडब्ल्यूडी विभाग की पहचान बना - जितेंद्र वर्मा

भारतीय जनता पार्टी

दुर्ग (कुबेर भूमि)। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता के घेराव को लेकर भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियन्ता के होने वाले घेराव को लेकर आवश्यक रणनीति तय की गई साथ ही आंदोलन को लेकर कार्य विभाजन किया गया और आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि लगातार लोक निर्माण विभाग दुर्ग में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो चुकी है। दुर्ग अंडा रोड नई बनी है लेकिन अभी से धंसने लगी है, धमधा नाका ओवरब्रिज का बुरा हाल है, कांग्रेसी नेता और उनके रिश्तेदारों को टेंडर दिया जा रहा है जो नेतागिरी की आड़ में जमकर घोटाले करते हुए विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं जिस पर अंकुश लगाने में अधिकारी नाकाम साबित हो रहे हैं। अधीक्षण अभियंता कार्यालय कमीशनखोरी का अड्डा बन चुका है। खुद पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर का जिला होने के बावजूद दुर्ग में उनके विभाग में भ्रष्टाचार का जबरदस्त आलम है, ऐसे में पूरे प्रदेश में पीडब्ल्यूडी विभाग ने कैसी लूट मचाई होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। यहां के पीडब्ल्यूडी विभाग को विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं है। जिले और शहर की सड़के देखें तो सड़कें कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं। नई बन रही सड़कें भी कमीशनखोरी की भेंट चल रही है, कमीशन खोरी के चक्कर सड़कें एक बारिश में भी नहीं टिक रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को नींद से जगाने के लिए लोक निर्माण विभाग के घेराव को सफल बनाने की अपील जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने की।

घेराव को लेकर विभिन्न प्रकार के दायित्व का निर्धारण किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष विनायक नातू, अल्का बाघमार, मंत्री आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, मनोज सोनी, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी एवं पार्षद अरुण सिंह, पार्षद मीना सिंह, सविता साहू, ममता देवांगन, लता ठाकुर, संजय सिंह, बानी सोनी, विद्या नामदेव, राकेश साहू, मनीष साहू, मनमोहन शर्मा, मनोज सोनी, निशीकांत मिश्रा, रामकुमार ठाकुर, गंजपारा सदर मंडल अमर भोई, उपस्थित रहे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पड़ियाईन में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता

बिलासपुर (कुबेर भूमि)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ियाईन में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र का पूजन अर्चन कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री के. एन वर्मा,विशिष्ट अतिथि आर के राजपूत, एन आर ध्रुव,एवं पी के मिरे तथा पीटीआई सरगांव महेश्वरी सम्मिलित हुए।

इस खेल में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 उम्र के बच्चे प्रतिभागी बने। जिसमे निम्न परिणाम प्राप्त हुए जिनका चयन जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया

अंडर 14 बालक विजेता (1) वेदप्रकाश 8वी,(2) रोशन 7वी, बालिका (1) कु मंजू 8वी,(2) कु नताशा 7वी, वही अंडर 17 बालक विजेता (1) राहुल निषाद कक्षा 11वी, (2) दुर्गेश निषाद 11वी,(3) साहिल (4) रितेश,(5)प्रशांत एवं अंडर 17 बालिका विजेता

(1)कु श्वाति ध्रुव 10 वी , (2) कु कल्याणी 9वी ,(3) कु महेश्वरी 11वी,(4) कु अमिषा 10 वी ,(5) कु काजल 9 वी, अंडर 19 बालक विजेता (1) कोमल 12 वी, (2)विश्वनाथ11वी (3) देवचंद 12वी,(4) विजय 12 वी (5) दीपक 12 वी,(6) लोकांश 11वी एवं अंडर 19 बालिका विजेता के रूप मे

(1) कु अंजू पात्रे 12वी (2) कु तीजन भास्कर 12वी ,(3) कु संगीता ध्रुव 12 वी,(4) कु तारणी डहरिया 12वी सम्मिलित रहे. अतिथियों के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं भाग लिए समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

शहर में किराये से रहने वाले किरायेदारों की सूची थाना को उपलब्ध कराएं

बाहर से आकर घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों जानकारी होने पर थाने को सूचित करें।

डोंगरगढ़ (कुबेर भूमि)। फेरी करने वाले 20 लोगों का किया गया एस एस रोल जारी।

एस एस रोल तस्दीक हेतु संबंधित थानो में भेजा गया जानकारी मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों के खिलॉफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07/08/2023 को शहर के चौक चौराहे में फेरी करने एवं संदिग्ध रूप से घूमने वाले लोगों की चेकिंग की गई उनका नाम पता पूछा गया तथा उनके रुकने संबंधी जानकारी थाना को उपलब्ध कराने बताया गया। इसी क्रम में शहर के चौक-चौराह में फेरी करने व घुमने वाले 20 लोगों की पूर्व गतिविधियो की जानकारी लेने कर लिए सभी का एस एस रोल (सदेही फार्म)जारी कर उसके निवास क्षेत्र के थानों में तस्दीक हेतु प्रतिवेदन भेजा गया, तस्दीक रिपोर्ट में प्रतिकुल टीप पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा। लगातार थाना क्षेत्रों में फेरी करने वाले लोगो की जानकारी ली जा रही है। कोतवाली पुलिस राजनांदगॉव शहर के लोगो से अपील करती है सभी अपने किरायेदारों की जानकारी थाने में उपलब्ध करायें एवं बाहर से आये संदिग्ध लोगो की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करने का सहयोग करे।

स्वीप के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रो में हुआ मतदाता शपथ संकल्प

दंतेवाड़ा **(कुबेर भूमि)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशन में और जिला नोडल स्वीप अधिकारी जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न स्थानों पर निबंध, लेखन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाट्य प्रदर्शन कर मतदान के लिए संकल्प पत्र का वाचन कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्रों में स्तनपान दिवस के अवसरों पर महिलाओं, माताओं को अपने अधिकार का प्रयोग करने जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें बोट पंडुम अंतर्गत एक-एक मत का महत्व बताया गया। उन्हें मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए लोकतंत्र के निर्माण में मतदान में अपनी सहभागिता दिखाते हुए मजबूत लोकतंत्र स्थापित करने में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

इसके साथ ही मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से ईव्हीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन कर सभी को मतदान देने का प्रयोग कराया जा रहा है। इसी क्रम में दंतेवाड़ा विकासखण्ड अतंर्गत कन्या महेन्द्र कर्मा कॉलेज में अध्ययनरत बच्चों को मतदाता के प्रति जागरूक करते हुए मताधिकार प्रयोग करने संकल्प दिलाया गया। साथ ही उन्हें जानकारी दी गयी कि सभी पात्र लोग अपना नाम मतदाता सूची अवश्य जुड़वायें और राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग दे। शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भी ईव्हीएम एवं वीवीपैट का भी लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है।

स्वीप नोडल अधिकारी ने ली निर्वाचन संबंधी बैठक

दंतेवाड़ा **(कुबेर भूमि)।** जिले में विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के द्वितीय चरण की शुरुआत हो चुकी है। जिसके संबंध में आज स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने जिले के सभी तहसीलों के बीएलओ, सुपरवाइजर की क्रमवार समीक्षा बैठक लेकर निर्वाचन संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। जनसंख्या रेशियो और इलेक्शन के अनुसार ईपी रेशियो की भी विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। उन्होंने सेक्टर वाइस मतदान केंद्रों में मतदाताओं की मतदाता सूची में पंजीयन में जानकारी लेते हुए जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए सभी पात्र लोगों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिए। दंतेवाड़ा जिले में 273 मतदान केंद्र बनाए गए है। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए सभी लोगों को चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देने की बात कही। बैठक में स्वीप नोडल अधिकारी ने कहा कि विभागीय कार्यों के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मतदान का महत्व बताते हुए मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग करने प्रेरित करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम,तहसीलदार सहित सबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

आगामी चुनाव की कार्ययोजना की तैयारी को लेकर भाजयुमो की बैठक

भारतीय जनता पार्टी
कार्यालय
"अटल सदन"

कोंडागांव (कुबेर भूमि)। भाजपा कार्यालय अटल सदन में भाजयुमो की बैठक रखी गई इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी जी भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा जी आकाश मेहता जी जसकेतु उसेंडी जी जितेंद्र सुराना जी भाजयुमो जिला अध्यक्षा प्रशांत पात्र बस्तर लोकसभा विस्तारक मनोज ध्रुव की उपस्थित मे सम्पन्न हुई। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने संबोधित करते हुए बताया आगामी चुनाव होने में बहुत कम समय बचा हुआ है हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक पहुंच कर प्रत्येक व्यक्तियों से सम्पर्क करना है तथा मोदी जी द्वारा किये गए कार्यो एवं उनसे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देना है। दीपेश अरोना ने बताया 2 अगस्त से नए मतदाताओ के नाम जुढ़ना शुरू हो गए है हर बूथ के कार्यकर्ता प्रत्येक घरो तक पहुंचकर नए मतदाताओ की मतदाता सूची में नाम जुढ़वाना शुरू कर दे एवं भाजपा की कार्ययोजनाओं की जानकारी भी दे इस बैठक में मुख्यरूप से भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमीति सदस्य विजया पोया, अंकुश जैन गौरव शार्दुल ,महेश नेताम, विवेक, चंदेकर ,नागेश देवांगन, विकास दुआ, वीर बघेल, मनीष साहु, प्रीती सोनी, करुण नायक, परितोष सेन, अनंत जैन, संता राम, गौरव अग्रवाल ,दलीचंद, मण्डल के अध्यक्ष रोनक पटेल, रामचंद सलाम, राजू भंडारी, टिकेश्वर सेठिया, रूपचंद सोढी, रामू पोयम, शीतल पटेल, बांबा खान ,गोविंदा तलवार ,अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं को हो रहा लाभ - चंदन कश्यप

कोंडागांव (कुबेर भूमि)। विधायक एंव छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष चन्दन कश्यप द्वारा छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत सर्वप्रथम मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर बच्चों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करन्दोला (भानपुरी) में कुल -130 साइकिल और स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय सिवनी में कुल - 70 साइकिल वितरण कर फिजिक्स केमिस्ट्री और बायोलॉजी लेब का भी शुभारंभ किया। नारायणपुर विधायक कश्यप ने कहा कि यंहा की छात्राओं का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहता है सरस्वती साइकिल वितरण योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वपूर्ण योजनाएं है पहले सिर्फ अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं को ही मिलती थी लेकिन जब सिर्फ कांग्रेस की सरकार आई तब से सभी वर्ग के बालिकाओं को साइकिल मिल रही है जिससे बालिकाओं को नियमित रूप से विद्यालय पहुंच कर पढ़ाई करने में मदद मिल रही है ।साथ ही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने विधायक चंदन कश्यप और जनप्रतिनिधियों के साथ पर्यावरण संरक्षण करने के लिए पौधा रोपण किया ।इस अवसर पर जनपद सदस्य निलय कश्यप, महेंद्र पांडे कांग्रेस वरिष्ठ कार्यकर्ता, अनिल बघेल युवा कांग्रेस अध्यक्ष, धनुर्जे नेमाम ब्लॉक उपाध्यक्ष, लक्ष्मण दीवान, गणेश बघेल, सोनसिंह ठाकुर,पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारी एवं बीईओ सर पालक गण और अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

बड़ेटेमरी में झेरिया यादव समाज का निर्विरोध चुनाव हुआ सम्पन्न

बसना (कुबेर भूमि)। समीपस्थ ग्राम बड़े टेमरी परिक्षेत्र में झेरिया यादव समाज का निर्विरोध चुनाव तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादव एवं केंद्रीय संयोजक विक्रम यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। बैठक से पहले बड़े टेमरी परिक्षेत्र के यादव समाज के लोगों ने बसना तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादव सहित उनके टीम का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद यादवों के आराध्य देव भगवान श्रीराधा कृष्ण जी की पूजा अर्चना के पश्चात बैठक प्रारम्भ किया गया ।तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने समाज को अपने संबोधन में कहा कि समाज को एकसूत्र में लाने, सभी सक्रिय व्यक्तियों को समाज में पदाधिकारी बनाना चाहिए और इसके लिए सर्वोत्तम व्यस्था निर्विरोध चुनाव ही है। बसना तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादव एवं केंद्रीय संयोजक विक्रम यादव के सफलतम नेतृत्व में बड़े टेमरी झेरिया यादव समाज का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें परिक्षेत्र अध्यक्ष बंसत लाल यादव, कायकारी अध्यक्ष मोहन लाल यादव, उपाध्यक्ष ताराचंद यादव,सचिव रमेश यादव कोषाध्यक्ष रामलाल यादव, संरक्षक टीपू यादव , बालकराम यादव,छोटू राम यादव, प्रवक्ता गोवर्धन यादव, सह प्रवक्ता हेमलाल यादव,सह कोषाध्यक्ष राजेश यादव, सह सचिव अशिवनी यादव, सलहाकार कृष्ण कुमार यादव, संदेश वाहक राजू यादव, लक्ष्मी लाल यादव,शूतउधन यादव, लखन लाल यादव,विघाधर यादव, रोहित यादव, श्याम लाल यादव,मोहित यादव,का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, केंद्रीय संयोजक विक्रम यादव, बसना तहसील उपाध्यक्ष हेमलाल यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए शुभाकामनाएं दी। तथा सक्रिय समाजिक लोगों को अपने टीम में जोड़ते हुए नौजवानों को ज्यादा से ज्यादा समाज के मुख्यधारा में जोड़ने हेतु प्रेरित किया। मुख्य रूप से सरायपाली तहसील उपाध्यक्ष फकीर यादव, संगठन मंत्री गजानंद यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। तथा अपने संक्षिप्त उदबोधन में कहा कि समाज को आगे ले जानें हेतु हम सबको कोशिश करने की जरूरत है। आज के बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय संयोजक विक्रम यादव, बसना तहसील उपाध्यक्ष हेमलाल यादव, संगठन मंत्री गजानंद यादव, सरायपाली तहसील उपाध्यक्ष फकीर यादव आदि शामिल हुए।

श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन में बिल्व तरु प्रसादम का वितरण एक पुनीत कार्य-शैलेश नितिन

बिल्व-तरु प्रसादम
श्री सोमनाथ कृषि केन्द्र

भाटापारा (कुबेर भूमि)। तिल्दा नेवरा में चले श्री कावड़ शिवमहापुराण कथा में श्री प्रदीप मिश्रा के द्वारा भगवान शिव जी को चढ़ने वाले बेल पत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया की शिव लिंग पर च? बेल पत्र का सेवन करने से कई प्रकार के रोगों को दूर किया जा सकता है ।उन्होंने बताया की बेल पत्र एक बहुत बड़ी औषधि है । इसे प्रत्येक घरों में होना चाहिए। बेल पत्र कि महत्ता को समझते हुए सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति द्वारा शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम छत्तीसग? के सौजन्य से कथा स्थल पर तीन ट्रक बेल का पौधा जो करीब 5 हजार 1 सौ था, कथा सुनने आए श्रद्धालुओं के लिए कथा स्थल पर बिल्व तरु प्रसादम स्वरूप* बेल पौधे का वितरण शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम,टिकेंद्र उपाध्याय संस्थापक सेवा सुगंधम, एवं रामखिलावन शर्मा , निखिल मांडले,अंशुल केसरवानी,सृजन सोनी ,तरुण अग्रवाल, गोविंदा यदु के द्वारा किया गया । इस अवसर पर शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सावन मास में तिल्दा के पावन भूमि पर शिवमहापुराण कथा होने से यह धरती धन्य हो गई । साथ ही आयोजक घनश्याम अग्रवाल एवं उसके पूरे परिवार को उन्होंने बधाई दी ।

कार्यक्रम को सफल बनाने सैकड़ों की संख्या में सेवा दे रहे सभी सेवाधारियो एवं पुलिस विभाग के सभी सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को बधाई दी ।सेवा सुगन्धम से अनामिका विनोद जाधव, गोलू संदीप,लखेश्वर,टिकेश्वर,हेमंत,रामकृष्ण,राहुल,नागेश्वर का योगदान सराहनीय रहा जिन्होंने वितरण स्थल पर आ रहे सभी शिव भक्तों को उनके पास जाकर बेल के पौधे दिए। बेल का पौधा प्रसाद स्वरूप प्राप्त करते हुए भक्त जनों ने इस पुनीत कार्य हेतु आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाना लोकतंत्र में,न्याय व संविधान की बड़ी जीत हुई हैं- झूमूकलाल दिवान

कोंडागांव (कुबेर भूमि)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान ने कहा कि देश के सर्वोच न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाना भारतीय लोकतंत्र, प्रजातंत्र और न्याय तथा संविधान की बड़ी जीत हुई हैं । जिससे लोकतंत्र व न्याय पालिका में लोगो की आस्था को बड़ावा दिया है । राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाकर सत्य व न्याय की जीत हुई हैं राहुल गांधी लगातार केंद्र में बैठी भाजपा सरकार व भाजपा की जनविरोधी नितियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद होने का कार्य कर रहे थे। जिसके कारण भाजपा ने एक षडयंत्र के तहत राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके देश के दलित, अल्पसंख्यकों , गरीब, मजदूरों , छोटे व्यापारियों तथा शोषित वर्गो सहित देश मे बड़ती महंगाई पर आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा था । देश के सर्वोच न्यायालय के फैसले से साबित हो गया है कि देश भारतीय संविधान से चलता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान के आलोक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता पर रोक लगाना ऐतिहासिक निर्णय है जिसमें सचाई की जीत हुई है । कोर्ट के फैसले से लोकतंत्र व न्याय पर जनता का विश्वास बड़ा है। इस फैसले से देश व कांग्रेस पार्टी के हौसले बुलंद हुए, देशवासियों सभी कांग्रेसजनों ने खुशियों मनाई ।बिरेन्द्र मसिया ने आगे कहा कि राहुल गांधी का नाम सुनते ही देश के नागरिकों के मन में एक एसे गांधीवादी नेता की छवि सामने आती है, जो देश मे एकता , भाईचारा तथा सद्भावना की बात करता है । जो देश मे लोकतंत्र, प्रजातंत्र व संविधान को बचाने और उसे अक्षुण्ण रखने की बात करता है । सर्वोच न्यायालय के इस फैसले से साबित हुआ की लोकतंत्र में न्याय व सचाई की जीत हुई है।

मंत्री मोहन मरकाम के समक्ष 20 ग्रामीण सह भाजपा नेताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

कोंडागांव (कुबेर भूमि)। विधायक मोहन मरकाम के मंत्री बनने के बाद प्रथम विधानसभा स्तरीय दौरे मे क्षेत्र के 20 ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रवेश किया जिनमें से क्षेत्र के दिग्गज भाजपाई भी शामिल हैँ मंत्री मोहन मरकाम ने सभी का कांग्रेस गमछा पहनाकर मिठाई खिलाकर कांग्रेस मे प्रवेश कराया और कहा हमारे कांग्रेस परिवार मे दिल से स्वागत है आप सभी के कांग्रेस मे शामिल होने से हमारी ताकत मे और इजाफा होगा जिसका परिणाम आगामी चुनावों मे देखने को मिलेगा नवप्रवेशी कॉंग्रेसियों ने कहा मोहन मरकाम केवल विधायक नहीं क्षेत्र का विकास पुरुष है केवल हमारे गांव मसोरा का ही नहीं सम्पूर्ण क्षेत्र मे विकास की गंगा बहा रहे हैँ आपके साथ काम कर आपके सानिध्य मे सेवा करने का अवसर मिलेगा हमें यह हमारी सौभाग्य है ?ब से छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस की सरकार बनी है मुख्यमंत्री भुपेश बघेल छत्तीसगढ़ के विकास मे कोई कसर नहीं छोढ़ रहे हैँ वास्तव मे छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री की तलाश थी जो अब जाकर पूरा हुआ है इसी का परिणाम है सम्पूर्ण प्रदेश खुशहाल प्रदेश के रूप मे दिख रहा है यहाँ किसान मजदूर कर्मचारी हर वर्ग खुश है संतुष्ट है। नवप्रवेशी कॉंग्रेसियों मे रिटायर्ड रेंजर भीमसेन मरकाम, काशी तिवारी,रिटायर्ड शिक्षक सुखचंद नेताम ,हरिराम बघेल,कांति राम कोर्राम,रामसिंग कोर्राम,दलशाय कोर्राम,धनाजी कोर्राम,रामलाल कोर्राम,लछिम कोर्राम,हिरासिंग बघेल,रामदेव कोर्राम,तुलाराम कोर्राम,पिलादास नेताम,राजूराम कोर्राम,सुखदेव कोर्राम,मंगतू राम कोर्राम,सुखधर मरकाम,आयतु राम मरकाम,सामनाथ मंडावी शामिल हैँ।

बेटी बचाओ मंच संजय नगर ने हरित श्रृंगार, सावन गीत तथा विविध गेम्स प्रतियोगिता आयोजित किया

बसना (कुबेर भूमि)। संजय नगर बेटी बचाओ मंच का हरित श्रृंगार, छत्तीसगढ़ी व्यंजन , सावन आधारित गीत तथा पारंपरिक गेम्स फुगड़ी व गोटा प्रतियोगिता टिकरापारा स्थित हरदेव लाला मंदिर प्रांगण में हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा विशेष अतिथि अमलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष स्वरा मिश्रा थे। छत्तीसगढ़ महतारी व भारत माता की तस्वीर पर पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ग्रीन परिधान, सावन आधारित प्रश्नोत्तरी तथा कैटवॉक

वनोपज को बढ़ावा देने बैगा आदिवासियों के बीच पहुंचे वन अफसर , साझा की महत्वपूर्ण जानकारी

कवर्धा (कुबेर भूमि)। बोडला विकासखंड में 6 अगस्त 2023 को ग्राम पंचायत कुकरापानी में 25 गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी समुदाय के मुखिया लोगों से आनंद बाबू अपर प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के साथ भेंटवार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य में पहली बार वन विभाग द्वारा ऐतिहासिक पहल करते हुए विशेष पिछढ़ी जनजाति बैगा गाँव में पहुंच कर साझा नियोजन से तैयार किया जा रहा विकास योजनाओं की रुपरेखा। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग, आदिम जनजाति बैगा समाज एवं गाँधी ग्राम विकास समिति ग्रामोदय केंद्र के संयुक्त संयोजन से किया गया। इस अवसर पर अपर प्रबंध संचालक आनंद बाबू एवं जिले के वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह की विशेष उपस्थिति रही। भेंटवार्ता कार्यक्रम में पहुंचे 25 गांव के बैगा समाज प्रमुखों में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अध्यक्ष बैगा विकास प्राधिकरण के साथ बैगा समाज के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं बैगा समुदाय की उपस्थिति रही। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय को वनोपज आधारित आजीविका, रोजगार एवं परिवारों के आय में बढ़ोत्तरी हेतु नए विकल्पों की कार्ययोजना निर्माण एवं नियोजन करने हेतु विस्तार से चर्चा परिचर्चा गांव स्तर पर आयोजित किया गया। अपर प्रबंध संचालक के द्वारा वनोपज आधारित एवं वन आधारित आजीविका के स्त्रोतों हेतु महुआ संकलन एवं उसका मूल्यवर्धन, वन औषधि पौधों का रोपण एवं औषधीय निर्माण हेतु विशेषज्ञ वैद्यों की पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करते हुए उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करने हेतु जानकारी प्रदान की गई। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास हेतु वन धन केंद्र की स्थापना किया जाना है। जिसमें वनोपज एवं वन आधारित संकलन, संग्रहण, प्रसंस्करण, विपणन के साथ-साथ समुदाय के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने एवं जिंदगी संवारने के लिए प्रयास किया जाएगा। इसके लिए समुदाय की सहभागिता से समुदाय के रुचि अनुसार ही कार्यक्रम एवं गतिविधियों का नियोजन किया जाएगा। इसी तर्ज पर विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। चूणामणि सिंह वन मंडलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि महुआ, चार, आंवला, मुनगा पौधों का बृहद मात्रा में वृक्षारोपण करके आय अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने एक ग्राम को चयनित करके खेकसी सब्जी को सभी परिवारों के बाढ़ी, खेतों में लगाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में बैगा समुदाय से चर्चा एवं सुझाव भी लिए गए। बैगा समुदाय द्वारा प्रमुख रूप से वनौषधियों पौधों का रोपण, तिलहन और दलहन के लिए मशीन एवं कोदो कुटकी के लिये भी प्रसंस्करण यन्त्रों की स्थापना, लाख पालन, महुआ प्रसंस्करण, बांस रोपण एवं कौशल विकास के साथ साथ रोजगार और आजीविका संवर्धन से जुढ़े मांग किया गया । जिसे नियम अनुसार त्वरित पूर्ण करने कहा गया। भेंटवार्ता कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन चंद्रकांत यादव के द्वारा किया गया। बैठक में ईतवारी राम मछिया प्रदेश अध्यक्ष बैगा समाज, लमतु सिंह बगदरिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बैगा समाज, गौठुराम बरंगिया प्रदेश सलाहकार, कृष्णा उढ़डीया, तुलसीराम सुरखिया जिलाध्यक्ष, मोती बैगा सरपंच प्रतिनिधि, छतर सिंह बैगा सरपंच, दुजराम बैगा उपसरपंच लूप, बिहारी रठुडीया, सेमलाल पढ़िया, धरम बैगा संतोष पढ़िया शिक्षक, अमन बैगा, भुरन बैगा, दलीचंद, लालजु घंघरिया सरपंच, सोनालाल देवढ़िया सदस्य बैगा विकास प्राधिकरण, जितेन्द्र सिंह चौहान उप वनमंडलाधिकारी, अनिल साहू उप वनमण्डलाधिकारी, आराधना वन विभाग, शोएब खान सर्कल इंचार्ज लघु वनोपज प्रबंधन दुर्ग, स्वयंसेवी संस्था गांधी ग्राम विकास समिति ग्रामोदय केंद्र से गणेश राम धुर्वे, दीपक यादव, मानस राम पटेल, शिवभजन वर्मा, चंद्रकांत यादव के साथ वन विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं ग्राम के महिला - पुरुषों की बढ़ी संख्या में उपस्थिति रही।

डॉ.सम्पत अग्रवाल का गाँव गाँव जनसंपर्क,

बसना (कुबेर भूमि)। भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने जनसंपर्क अभियान के तहत बसना मण्डल के ग्राम पर्रापाट एवं छोटे टेमरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित कर रहे, सबका साथ सबका विकास के साथ देशहित के लिए लिये गए कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री अन्न योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, माता बहनों के लिए उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधामंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री श्रमयोगी, जन ओषधि केंद्र, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, भरतनेट, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना,सॉयल हेल्थ कार्ड तथा अन्य दुसरे महत्वपूर्ण लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने छात्र छात्राओं, बुजुर्ग महिला व पुरुष, वरिष्ठ नागरिकों, ग्राम प्रमुखों, माता बहनों एवं ग्रामीण जनों को शाल श्रीफल से सम्मानित एवं खिलाड़ीयो को क्रिकेट किट प्रदान करते उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुनीं और निराकरण के समाधान पर अपने विचार व्यक्त किये। इस जनसंपर्क अभियान में उनके साथ नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, पार्षद किशन अग्रवाल, कमलध्वज पटेल, मोहित पटेल सहित ग्रामों के बूथ कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 05.08.2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा डी श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 16.08.2023 है।

एम.आई.टी. क्र/ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 104 Tender No. 143855	जिला गरियाबंद के देवभोग में उपसंभाग क्रं.-2 (देवभोग) अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग कार्यालय भवन निर्माण कार्य । (तृतीय आमंत्रण)	रू. 26.91 लाख
NIT NO. 105 Tender No. 143856	जिला गरियाबंद के अनुविभाग राजिम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजिम का उन्नयन कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	रू. 73.70 लाख
NIT NO. 106 Tender No. 143857	देवभोग अनुविभाग अंतर्गत न्यायिक अधिकारी के लिये सिंगल यूनिट 01 नग 'ई' टाईप एवं कर्मचारियों के लिये 05 नग 'एच' टाईप, 03 नग 'आई' टाईप शासकीय आवास गृह का निर्माण कार्य । (तृतीय आमंत्रण)	रू. 140.72 लाख
NIT NO. 107 Tender No. 143858	उपसंभाग सरायपाली के अंतर्गत ग्राम चिमरकेल विकासखंड 7 बसना में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य । (चतुर्थ आमंत्रण)	रू. 67.44 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट अन्य https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र , बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।) निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी-04086/7

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

न्यायालयअनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

रा.मा.क्र....... अ/20(3)
वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्यामसुंदर भैया पिता राधाकृष्ण भैया जाति महेश्वरी निवासी वार्ड नं. 19 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगॉव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि डोंगरगढ़ के शीट क्रमांक 01 भूखण्ड क्रं. 482 क्षेत्रफल 4544 वर्गफुट भूमि धारक श्यामसुंदर भैया पिता राधाकृष्ण भैया के नाम पर नजूल अभिलेख संधारण खसरा वर्ष 2020-21 से 2023 2024 में अभिलिखित है। उक्त पट्टे को भूमि को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन कराना चाहते है। उक्त पारित भूमि को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन कराने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यवस्थापन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 18/08/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 27/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं
नजूल अधिकारी
डोगरगढ़

सील

कार्यालय, नगर पालिक निगम, बिरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

//निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना //

नामांतरण प्रकरण क्र. 323, दिनांक 07-08-2023
वार्ड का नाम स्वामी विवेकानंद
वार्ड क्र. 4 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन / भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 4 मांग पंजी क्र. 197 युआईडी 11625 अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती/ बलराम साहू/राधेश्याम से दर्ज है, श्री/श्रीमती ललित कुमार देवांगन/शिवनारायण देवांगन अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत, द्वारा /वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अभिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर / अथवा दिनांक 06-09-2023 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पक्षात् किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर जश्न

भूपेश बघेल ने दी बधाई; कुमारी सेलजा ने कहा- संसद में गरीबों के हक की गूंजेगी आवाज

रायपुर (कुबेर भूमि)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता बहाल होने पर देशभर में कांग्रेस जश्न मना रही है। रायपुर के राजीव भवन में भी पटाखे छोड़े गए। राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने नारे लगाए। इस मामले में कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रियाएं ट्विटर पर लगातार आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर शायराना अंदाज में बधाई दी है।

उन्होंने ट्वीट पर एक शायरी पोस्ट की और कहा, नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ I.N.D.I.A की जीत। राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी। समस्त देशवासियों को बधाई। कुमारी सेलजा ने कहा कि, आखिरकार सत्य की जीत हुई। राहुल गांधी जी संसद में वापस आ रहे हैं। एक बार फिर देश की संसद में गरीबों के हक की आवाज गूंजेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी खुशी जाहिर की है। बैज ने कहा कि, सत्य परेशान हो सकता हैं पराजित नहीं।

137 दिन बाद संसद पहुंचे राहुल गांधी: राहुल गांधी सोमवार को संसद सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे। उनके संसद पहुंचते ही लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया। राहुल की संसद सदस्यता की बहाली को लेकर आज सुबह से सस्पेंस बना हुआ था। सुबह तक कांग्रेस को यकीन नहीं था कि राहुल की सांसदी आज बहाल हो जाएगी। राहुल की सांसदी बहाली की खबर मिलते ही कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने जश्न मनाना शुरु कर दिया।

महापौर ढेबर व प्रमोद दुबे द्वारा एमआईसी सदस्यों सहित निगम सामान्य सभा की बैठक की तैयारी सहित प्रश्नकाल एवं एजेंड़ों को लेकर चर्चा

नगर पालिक निगम रायपुर
सभा कक्ष

रायपुर (कुबेर भूमि)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने एमआईसी सदस्य सर्वनागभूषण राव, श्रीकुमार मेनन,अजीत कुकरेजा, समीर अख्तर, आकाश तिवारी, सुरेश चन्नावार सहित अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, शैलेन्द्र पाटले, प्रभारी अपर आयुक्त एवं निगम सचिव विनोद पाण्डेय, संयुक्त संचालक वित्त एस. पी. साहू, उपायुक्त श्रीमती कृष्णा देवी खटीक, डॉक्टर आर. के. डोंगरे, रमेश जायसवाल, अधीक्षण अभियन्ता हेमन्त शर्मा, राजेश शर्मा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक लेकर नगर निगम सचिवालय द्वारा सभापति प्रमोद दुबे के आदेशानुसार 11 अगस्त को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित सामान्य सभा सभागार में आहुत नगर निगम सामान्य सभा की बैठक की प्रशासनिक तैयारियों सहित प्रारंभिक 1 घण्टे की निर्धारित अवधि में प्रश्नकाल एवं उसके पश्चात एमआईसी की बैठकों में पारित प्रस्तावों पर चर्चा एवं विचार -विमर्श करने नियमानुसार निर्धारित एजेंड़ों पर एजेंडावार तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा एवं विचार -विमर्श किया एवं जानकारी ली. महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने निगम सामान्य सभा की बैठक की तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश निगम सचिव एवं सम्बंधित अधिकारियों को दिये.

महापौर एवं सभापति ने कहा कि निगम सामान्य सभा की बैठक की प्रशासनिक तैयारियों हेतु निगम सदन की गरिमा एवं परम्परा का विशेष ध्यान रखकर तैयारियां शीघ्र पूर्ण की जाएँ.

भाजपा के सांसद मोदी शाह से डरते हैं इसलिए रेल यात्रियों की समस्याओं पर मौन रहते हैं: कांग्रेस

रायपुर (कुबेर भूमि)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा यात्री ट्रेनों को सुचारू रूप से नियमित चलाने के लिए प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र का कांग्रेस ने स्वागत किया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रधानमंत्री के सामने निरंतर प्रदेश की जनता की समस्याओं को उठा रहे हैं राज्य के हक अधिकार को रख रहे है और एक मुखिया की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे है।

अभी वर्तमान में नियमित ट्रेनों के अचानक रद्द होने से रेल यात्रियों को हो रही असुविधा पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराये है मांग किये है कि प्रदेश से होकर गुजरने वाली सभी यात्री ट्रेन को सुचारू रूप से चलाया जाये। रेल मंत्रालय की मनमानी पर रोक पर लगे रेल यात्रियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाये।

रेल मंत्रालय के मनमानी के चलते प्रदेश के नागरिक तीर्थ यात्रा नहीं कर पा रहे छात्र पढ़ाई करने जाने एवं प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने से वंचित हो जाते हैं, एक राज्य से दूसरे राज्य जाने में व्यापारियों को समस्या होता है, लोग एक दूसरे के सुख दुख में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। गरीबों को यात्रा में बहुत भारी भरकम खर्च उठाना पड़ रहा है।

पॉवर कंपनी के गारे पेलमा कोयला खदान को मिले चार प्रथम पुरस्कार

खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं एसईसीएल ने दी ट्राफी

रायपुर (कुबेर भूमि)। केंद्रीय खान सुरक्षा महानिदेशालय ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा-III कोयला खदान को ओवरआल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है। यह पुरस्कार वर्ष 2022 में 3 मिलियन से 5 मिलियन टन की क्षमता की खुली खदान श्रेणी में दिया गया है। इसके अलावा इस खदान को तीन और श्रेणियों (इंजीनियरिंग, एक्सप्लोसिव मैनेजमेंट एवं डस्ट सेपरेशन) में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन खान सुरक्षा महानिदेशालय व्दारा आयोजित वार्षिक सुरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह में यह पुरस्कार जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने जनरेशन कंपनी की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी कोल ब्लाक की वार्षिक समीक्षा कर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत करता है। यह पुरस्कार खान सुरक्षा निदेशालय एवं साऊथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, एनटीपीसी व निजी क्षेत्र के कोयला संस्थानों व्दारा बिलासपुर में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक श्री प्रभात कुमार एवं एसईसीएल के सीएमडी श्री प्रेमसागर मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वर्ष 2022 में जनरेशन कंपनी को चार श्रेणियों में पुरस्कार मिले, जिसमें ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ग्रुप ई में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही इंजीनियरिंग (ई एंड एम), विस्फोटक प्रबंधन तथा धूल पृथककरण श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ कुशल कर्मचारी की श्रेणी के लिये भी पुरस्कृत किया गया है।

इसमें जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था उन्होंने समारोह में कहा कि कोल उत्खनन का कार्य सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पांच साल से किया जा रहा है। हम शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर आगे खनन का कार्य जारी रखे हुए हैं। आगामी वर्षों में देश के कोल की जरूरत में अपनी भागीदारी दर्ज करेंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के मुख्य अभियंता (सिविल प्रोजेक्ट-ढ्ढ) श्री देवेंद्र नाथ ने बताया कि जनरेशन कंपनी को गारे पेलमा कोयला खदान आबंटित किया गया है, जहां 2019-20 से ओपन कास्ट माइनिंग किया जा रहा है। यहां से जनरेशन कंपनी के अटल बिहारी वाजपेयी थर्मल पॉवर स्टेशन मड़वा स्थित 500 मेगावाट के दो संयंत्रों (1000 मेगावाट) को कोल आपूर्ति की जाती है। जनरेशन कंपनी के अधिकारियों के सुपरविजन में जीपी ढ्ढढ्ढ सी एल (गारे पेलमा ढ्ढढ्ढ कंपनी लिमिटेड) द्वारा गारे पेलमा सेक्टर ड्ड्ढढ्ढ से कोयला उत्खनन एवं मड़वा विद्युत संयंत्र तक परिवहन का कार्य किया जा रहा है।

राहुल गांधी एक बार फिर से जनता की आवाज बन संसद में दहाड़ेंगे-कांग्रेस

मोदी सरकार को अडानी के घोटाले से लेकर मणिपुर तक के सवालों का जवाब देना होगा

रायपुर (कुबेर भूमि)। लोकसभा द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता बहाल किये जाने का कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश की जनता की मुखर आवाज एक बार फिर से लोकसभा में गूंजेगी। अब मोदी सरकार को अडानी के हिडनबर्ग घोटाले से लेकर मणिपुर मामले में राहुल गांधी के सवालों का जवाब देना होगा। देश की जनता के सामने आज भी यह सवाल कौंध रहा है कि आखिर अडानी के खिलाफ संसद में आवाज उठाते ही राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने का षड़यंत्र क्यों रचा गया?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हिंडनबर्ग खुलासे के लंबा समय बीत जाने के बावजूद अब तक ना कोई एफआईआर, ना किसी भी तरह की जांच का आदेश? आखिर मोदी सरकार मौन क्यों है? हिंडनर्बग के रिपोर्ट में उजागर आर्थिक अनियमितता, मनी लॉड्रिंग, ब्लैक मनी और विदेशों में फर्जी सेल कंपनियां बनाकर किए जा रहे हैं फर्जीवाड़े पर भाजपा और मोदी सरकार को भी भागीदार है। अडानी से भाजपा को सपोर्ट मिलता है, चुनाव लड़ने के लिए पैसा मिलता है और इसीलिए अडानी को बचाने उसके फर्जीवाड़े पर मोदी सरकार पर्दा डाल रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि आखिर सरकारी बैंकों से अडानी को अनुपातहीन लोन किस के दबाव में दिया गया? षड्यंत्र उजागर होने के बाद भी एलआईसी का पैसा क्यों दबाव पूर्वक अडानी की कंपनी में लगवाया जा रहा है? एलआईसी और एसबीआई देश की जनता का भरोसा है, जिसे षड्यंत्र पूर्वक व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पूंजीपति मित्र पर लुटाया जा रहा है। लाखों करोड़ के मनी लांड्रिंग, ब्लैकमनी, विदेशों में फर्जी सेल कंपनी बनाकर अडानी की कंपनी में लगाने के तथ्य उजागर हुए हैं। बाजार में निगरानी रखने की जिम्मेदारी 卐सेबी卐 की होती है, लेकिन मोदी सरकार के दबाव में सेबी भी मौन है। अडानी के घोटाले के कारण 120 मिलियन डॉलर अर्थात 10 लाख़ करोड़ से अधिक आम जनता के मेहनत का पैसा डूब गया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी महात्मा गांधी के रास्ते पर चल रहे है। उनकी लड़ाई सत्य की लड़ाई है। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, यह सिर्फ राहुल गांधी की व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। यह देश के लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। देश के आम आदमी की लड़ाई है। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करवा कर भाजपा देश में तानाशाही लाना चाह रही थी। कांग्रेस देश के प्रजातंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। मोदी सरकार के अडानी प्रेम रिश्तो को लेकर लगातार राहुल गांधी ने सवाल उठाएं है। इससे घबराई मोदी सरकार राहुल गांधी को चुप कराने का षड्यंत्र रच संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही हैं।

भाजपा महिला मोर्चा कांग्रेस पार्टी की नकल रही है-वंदना

रायपुर (कुबेर भूमि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव आते ही भाजपा महिला मोर्चा की नौटंकी करने की शुरूआत हो गई है। 2014 में स्मृति ईरानी महंगाई को लेकर लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने की एक्टिंग बहुत की। सत्ता में आते ही बेलगाम महंगाई देखकर मौन हो गयी। वैसे ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं को गुमराह करने की भसक प्रयास कर रही है। 15 साल के शासन में छत्तीसगढ़ के रीति, छत्तीसगढ़ रिवाज, छत्तीसगढ़ के परंपरा को अनदेखा किये थे, छत्तीसगढ़िया को हीनभावना से देखा जाता था, पिछले साढ़े चार साल से कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के संस्कृति, छत्तीसगढ़ के परंपरा, छत्तीसगढ़ के रीति-रिवाज, छत्तीसगढ़ के त्यौहार को मान और सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का काम किया। आज गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है।

छत्तीसगढ़ में किसानों की समृद्धि, खेती में बढ़ते रुझान और 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी के फैसले से भाजपाई चिंतित

रायपुर (कुबेर भूमि)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भूपेश सरकार ने प्रमाणित किया है कि किसान पुत्र ही किसानों की समृद्धि के लिए आवश्यक नीतियों को व्यवस्थित तरीके से धरातल पर उतार कसता है। चाहे किसानों की कर्जमाफी की बात हो या वादे से अधिक धान की कीमत, भूपेश सरकार किसानों से किए अपने हरेक वादे पर खरी उतरी है। विगत साढ़े चार वर्षों में छत्तीसगढ़ में 3 लाख़ 37 हजार हेक्टेयर से अधिक सिंचाई का रकबा बढ़ा है। 6 लाख से अधिक कृषि पंपों को 10900 करोड़ की राहत, निः शुल्क और रियायती बिजली के तौर पर दी जा रही है। धान खरीदी के हर साल नए रिकॉर्ड बनाने के बाद अब प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदी का ऐतिहासिक निर्णय छत्तीसगढ़ में किसानों की समृद्धि की दिशा में निर्णायक कदम है।

मोदी जी ने रेलवे के मामले में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस की तुलना में 6 गुना बजट दिया: ओपी चौधरी

1400 करोड़ से ज्यादा खर्च कर छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशन को चमका रहे है तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है -ओपी चौधरी

रायपुर (कुबेर भूमि)। भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस पर सवाल दागते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को रेलवे के मामले में यूपीए सरकार से 6 गुना ज्यादा बजट दिया है और अब 1400 सौ करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च कर छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशन को आधुनिक बना रही है तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है जब भी मोदी सरकार विकास के कार्य करती है तब कांग्रेस को टेंशन हो जाती है कि अब उनका क्या होगा?

ओपी चौधरी ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब वर्ष 2009 से 14 तक रेलवे के लिए केवल 311 करोड रुपए का बजट प्रावधान किया गया था जबकि मोदी जी की सरकार आने के बाद 14 से 19 के कार्यकाल के लिए बजट के लिए 6 गुना प्रावधान किया। केंद्र की मोदी सरकार का वर्ष 2023 का जो बजट है वह कांग्रेस के वर्ष 12/ 13 वर्ष की तुलना में 9 गुना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रेलवे को आधुनिक करना बेहद जरूरी है रेलवे को अत्याधुनिक बनाने के लिए कई बार कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कई कार्य चलने के कारण कई बार समय की दिक्कत आती है लेकिन यह सब विषय कुछ समय में खत्म हो जाएंगे और जो ऐतिहासिक काम हो रहे हैं आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के जो बड़े-बड़े काम हो रहे हैं उसकी सुविधा और लाभ आने वाले समय में जनता को बड़े स्तर पर मिलेगी।

ओपी चौधरी ने कहा कांग्रेस किस मुंह से आरोप लगाती है कांग्रेस ने 70 साल में रेलवे के लिए क्या किया भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए कौन सा ठोस कदम आगे बढ़ाया केवल और केवल दीमक की तरह काम किया और आज मोदी जी जब रेलवे बजट में 9 गुना की वृद्धि कर रहे हैं छत्तीसगढ़ को 6 गुना बजट दे रहे हैं तो कांग्रेस और भूपेश बघेल के पेट में दर्द क्यों हो रहा है इसको छत्तीसगढ़ की जनता भली-भांति समझ रही है और आने वाले समय में इसका जरूर जवाब देगी।

निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने दिए निर्देशः लखमा

उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने की विकास कार्यों की समीक्षा

कार्यालय कलेक्टर
सभाकक्ष-सुकमा

सुकमा (कुबेर भूमि)। आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मंत्री श्री लखमा ने कहा कि जिले में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। इसके साथ ही गांव में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि इसका लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना है इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समन्वय से कार्य करने की बात कही।

उन्होंने जिले के विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मंशानुरूप फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ दिलाने और जनहित में निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं उपयोगी बनाने के लिए रीपा के कार्यों को गति देने कहा। साथ ही इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए युवावर्ग एवं महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कहा। साथ ही जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर गौठानों और रीपा का निरीक्षण करने को कहा।

बैठक में उन्होंने जिले में निर्माणाधीन स्कूल, आश्रम, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र, अस्पताल भवन निर्माण आदि कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने जिले में कुपोषण दर 8 प्रतिशत तक कम होने पर महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की सराहना की। साथ ही सभी आगनबाड़ियो में कार्यकर्ता सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने को कहा।

इस दौरान उन्होंने जिले में खाद-बीज, वर्मी खाद भण्डारण एवं उठाव का संज्ञान लिया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य की बैठक लेकर पीएम सम्मान निधि योजना हेतु ई-केवाईसी के लिए कृषकों को जागरूक करने को कहा। साथ ही पशुपालन विभाग अन्तर्गत पशु वितरण योजना की जानकारी ली। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अधिकारियों को पशु रोग संक्रामक रोग गलघोटू व एकटंगिया के के रोकथाम के लिए समय समय पर टीकाकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के साथ जिले में भी कंजक्टिवाइटिस के मरीज मिल रहे है। साथ ही इस समय डायरिया, मलेरिया आदि का खतरा अधिक होता है। इसलिए सभी कैंप, पोटाकेबिन आश्रम और छात्रावासों में दवाई उपलब्धता करने को कहा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले में हो रहे अच्छे कार्यों की सराहना की।

समीक्षा बैठक मे जिला पंचायत, आदिवासी विकास, लोक निर्माण, कृषि, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्री लखमा ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं, जिससे आम जनता को शुद्ध पेयजल मिल सके। बैठक में मंत्री श्री लखमा को देवगुड़ी निर्माण कार्य, सामुदायिक वन अधिकार पत्र और सड़क मार्ग निर्माण की प्रगति से अवगत कराया गया।

झबैठक में उद्योग मंत्री श्री लखमा को कलेक्टर श्री हरिस. एस ने डीएमएफ अंतर्गत इस वर्ष स्वीकृत कार्यों तथा पिछले वर्षों में स्वीकृत कार्यों से अवगत कराया। वहीं कलेक्टर ने विगत वर्ष और इस वर्ष के अपूर्ण कार्य को गुणवतत्ता के साथ जल्द पूर्ण कराने की बात कही।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बोड्डू राजा, नगर पालिका परिशद अध्यक्ष श्री जगन्नाथ साहू, छत्तीसगढ़ जीव जंतु बोर्ड के सदस्य श्री करणदेव सिंह, जनपद पंचायत कोंटा अध्यक्ष श्री सुन्नम नागेश, जनपद पंचायत छिंदगढ़ अध्यक्ष श्रीमती देवलीबाई नाग, जनपद पंचायत सुकमा अध्यक्ष श्रीमती आयमी कलमू, कलेक्टर श्री हरिस. एस, पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण, जिला पंचायत सीईओ श्री डीएन कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री
कन्या विवाह योजना

छत्तीसगढ़ महतारी

गरीब परिवार की बेटियों की शादी के लिए राशि बढ़ी
अब सरकार दे रही है **50 हजार रु.** की आर्थिक मदद

अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की
वेबसाइट www.cgwcd.gov.in पर उपलब्ध



भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

संवाद–36779/197

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक हेमकुमारी साहू द्वारा आसमां पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, जयस्तंभ चौक रायपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित व श्रीराम नगर चंगोराभाठा, रायपुर से प्रकाशित। संपादक– हेमकुमारी साहू, *कार्यकारी संपादक– भैरव शंकर साहू. मो. नं. 9399510919, 9406396581 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) डाक पंजीयन क्र. C.G./RYP DN/64/2022-24 RNI No. CHHHIN/2018/77389